कोटद्वार, सोमवार
24 नवम्बर 2025
वर्षः 48
अंकः 189 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. भगवन्त उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### शादी के हर्ष फायरिंग पर दो पक्षों में विवाद

रुड़की। बिझौली गांव में शनिवार देर शाम को एक युवक की शादी के जश्न के बीच हर्ष फायरिंग को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के युवकों ने फायरिंग के नाम पर हंगामा मचाया, जिससे बहस हो गई। बीच–बचाव करने वालों ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया, लेकिन कुछ देर बाद ही एक पक्ष के लोग उग्र हो गए। गुस्से में आकर वे दूसरे पक्ष के घर में घुस गए और वहां मौजूद लोगों के साथ धक्का–मुक्की शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने हवा में फायरिंग भी की। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। दोनों पक्षों ने अलग–अलग तहरीर देकर एक–दूसरे पर हमले का आरोप लगाया है। एक पक्ष ने दावा किया कि उनके घर पर हमला हुआ और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, जबकि दूसरे पक्ष ने आत्मरक्षा का हवाला देते हुए कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने गटका जहर, मौत

हल्द्वानी। रामनगर निवासी एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ गटक लिया। उसे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार सावल्दे निवासी 22 वर्षीय इंदर गिरी पुत्र स्व.लाल गिरी ने शनिवार रात अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ गटक लिया। तबीयत बिगड़ने के बाद उसे एसटीएच लाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बताया जा रहा है कि इंदर इन दिनों नौकरी की तलाश में था। नौकरी नहीं होने के कारण वह काफी समय से परेशान भी चल रहा था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### शक्तिफार्म के बैकुंठपुर में पूर्व सैनिक की करंट लगने से मौत

रुद्रपुर। गांव बैकुंठपुर में रविवार को बकरी के लिए चारा काटते समय पेड़ पर चढ़े पूर्व सैनिक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों के अनुसार, 74 वर्षीय मदन चंद पुत्र हीरा चंद रविवार को अपनी पत्नी गोविंदी देवी के साथ घर से करीब 200 मीटर दूर चारा लेने गए थे। वह गुडेल के पेड़ पर चढ़कर टहनियां काट रहे थे, जबकि उनकी पत्नी नीचे उन्हें एकत्र कर रही थी। इसी दौरान टहनी काटते समय उनकी दराती टहनियों के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। करंट लगते ही वह पेड़ की टहनियों में फंसकर छटपटाते रहे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

### कार दुर्घटना में पूर्व प्रधान की मौत

नई टिहरी। घनसाली कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात को कार दुर्घटना में पूर्व प्रधान होल्टा नैलचामी की मौके पर ही मौत हो गई। पूर्व प्रधान एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। हादसा बडियार गांव के पास उस समय हुआ, जब एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 50–60 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

# सीएम धामी ने किया तीर्थराज पुष्कर के द्वितीय तल का लोकार्पण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अजमेर, राजस्थान स्थित अखिल भारतीय उत्तराखंड धर्मशाला आश्रम, तीर्थराज पुष्कर के द्वितीय तल का लोकार्पण किया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी, स्थानीय नागरिक और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने भगवान ब्रह्माजी को नमन करते हुए कहा कि पुष्कर केवल एक तीर्थ नहीं बल्कि सनातन संस्कृति की अनश्वर ज्योति है। उन्होंने बताया कि धार्मिक ग्रंथों में पुष्कर, कुरुक्षेत्र, हरिद्वार, गया और प्रयाग को पंचतीर्थ के रूप में वर्णित किया गया है, जिनमें पुष्कर को समस्त तीर्थों का गुरु कहा गया है। धामी ने भावुक होकर कहा कि संभवतः इसी आध्यात्मिक आभा से प्रेरित होकर उनके माता–पिता ने उनका नाम 'पुष्कर' रखा।

मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति और प्रवासी उत्तराखंडियों का आभार जताते हुए कहा कि यह धर्मशाला श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण आश्रय स्थल बनेगी और उत्तराखंड व राजस्थान के बीच सांस्कृतिक व सामाजिक संबंधों को और मजबूत करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का उल्लेख करते हुए अयोध्या राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक और केदारनाथ–बद्रीनाथ धामों के पुनर्निर्माण जैसी परियोजनाओं को भारतीय आध्यात्मिक धरोहर की नई उँचाई बताया।

## जमीन बेचने की डील कर धोखाधड़ी, 38.55 हड़पे



देहरादून। जमीन बेचने की डील कर जालसाजों ने एक व्यक्ति से दो बार धोखाधड़ी की। पीड़ित से चार आरोपियों ने 38.55 लाख रूपये हड़प लिए। शिकायत पर पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि डोईवाला के प्रेमनगर बाजार निवासी प्रीतम कुमार ने तहरीर दी। बताया कि नसीम अहमद ने जुलाई 2024 में उन्हें सलमान पुत्र असलम खान, जुबैर पुत्र असलम खान व जावेद खान पुत्र बाबू खान निवासी परवल प्रेमनगर और बरखा रानी निवासी लक्ष्मीपुर, बसंत विहार से मिलवाया। आरोपियों ने ईस्ट होपटाउन में 250.92 वर्गमीटर जमीन दिखाई। 26 जुलाई 2024 को 40 लाख रूपये खर्च कर बनामा कराया। जब 30 जुलाई को दीवार बनाने गए तो असली मालिक सौरभ अरोड़ा मौके पर पहुंच गए और बताया कि जमीन उनकी है और उन्होंने कभी बेची ही नहीं। जांच में पता चला कि किसी फर्जी व्यक्ति को सौरभ अरोड़ा बनाकर रजिस्ट्री कराई गई। पैसे वापस मांगने पर सलमान ने दूसरी जमीन देने का लालच दिया। इस बार वर्ष 2019 में मर चुके व्यक्ति की जमीन दिलाने की डील कर की। प्रीतम से और रकम मांगी गई। इस बार कागजात जांचने पर पूरी ठगी खुल गई। बीते 15 अगस्त 2025 को जब प्रीतम ने झाझरा के पास आरोपियों से पैसे मांगे तो सलमान और उसके साथियों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया। इंस्पेक्टर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपियों के पास पीड़ित से कुल 38.55 लाख रूपये गए। शेष रकम रजिस्ट्री खर्च में लगी।

## प्रतिबंधित तट पर गंगा में नहाते हुए चाचा–भतीजा बहे

ऋषिकेश।स्वर्गाश्रम स्थित प्रतिबंधित गंगा घाट पर नहाने के दौरान चाचा–भतीजा बहने लगे। इस दौरान गंगा में गुजर रही एक राफ्ट सवार गाइड ने चाचा को तो बचा लिया, लेकिन भतीजा तेज प्रवाह की चपेट में आकर उनकी आंखों से ओझल हो गया। तत्काल इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से गंगा में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। लक्ष्मणझूला पुलिस के मुताबिक 24 वर्षीय पिंटू शर्मा निवासी सेक्टर–115, नोएडा, यूपी रविवार को अपने 18 वर्षीय चाचा अभिषेक शर्मा के साथ स्वर्गाश्रम पहुंचा था। दिन में करीब तीन बजे तीनों नहाने के लिए डीएम कैंप कार्यालय के पास गोवा बीच घाट पर पहुंचे। यहां गंगा में नहाने के दौरान पिंटू और अभिषेक गंगा की तेज प्रवाह की चपेट में आकर बहने लगे। इसी बीच गंगा में पर्यटकों को राफ्टिंग करा रहे गाइड की नजर उन पर



पड़ी, तो फौरन वह तेज पतवार चलाते हुए अभिषेक के पास पहुंचा। गाइड ने अभिषेक को बचाने के बाद पिंटू को भी बचाने का प्रयास किया, लेकिन इसी बीच वह तेज प्रवाह की चपेट में आकर बह गया। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। शाम तक चले तलाशी अभियान में एसडीआरएफ टीम पिंटू का कोई सुराग नहीं लगा पाई। थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया कि सोमवार को फिर से गंगा में पिंटू की तलाश की जाएगी। बताया कि जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां पत्थरों पर स्नान प्रतिबंध की चेतावनी भी चस्पा की गई है।

**दिल्ली क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई :**

# 8 करोड़ रुपए का हेरोइन सप्लायर, एनडीपीएस के दो केस में भगोड़ा गिरफ्तार

नई दिल्ली , दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (डब्ल्यूआर) ने राजधानी में हाई–प्योरिटी हेरोइन की सप्लाई करने वाले कुख्यात ड्रग तस्कर तुषार (31) पुत्र मनजीत सिंह, निवासी महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है। यह कदम इंटरस्टेट नारकोटिक्स सिंडिकेट को तगड़ा झटका माना जा रहा है।

आरोपी इस साल दो बड़े एनडीपीएस केस में भगोड़ा घोषित था, जिसमें कुल 770 ग्राम (258 ग्राम + 512 ग्राम) हेरोइन बरामद हुई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 8 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष



इंदौरा (आईपीएस) के निर्देश पर एसीपी राजपाल डबास के सुपरविजन में इंस्पेक्टर सतीश मलिक की टीम ने 21 नवंबर को गुप्त सूचना मिलते ही महावीर एन्क्लेव में ट्रैप लगाया। तकनीकी निगरानी की मदद से आरोपी को गली नंबर–5, महावीर एन्क्लेव से दबोच लिया गया। आरोपी के खिलाफ दो केस एनडीपीएस के एक्ट के तहत क्राइम ब्रांच थाने में दर्ज किए थे, और दोनों ही मामलों में आरोपी को कोर्ट ने भगोड़ा/प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर घोषित किया था। पुलिस पूछताछ में तुषार ने कबूल किया कि वह एक संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य है जो दिल्ली–एनसीआर में नेपाली–अफगानी रूट से आने वाली हाई–प्योरिटी हेरोइन की सप्लाई करता है। उसका पूरा परिवार ही नशे के कारोबार में लिप्त है। क्राइम को छिपाने के लिए उसने महावीर एन्क्लेव में बुटीक की आड़ में दुकान खोल रखी थी।

आरोपी के आपराधिक इतिहास की बात करें तो सर्वप्रथम 2016

### डिवाइडर तोड़कर आई थार ने श्रद्धालुओं की इको को मारी टक्कर, 2 की मौत, 8 घायल

भरतपुर ,मथुरा बाइपास स्थित गोलपुरा मोड़ के पास देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दूदू से लौट रहे श्रद्धालुओं की इको कार को सामने से डिवाइडर तोड़कर आई तेज रफ्तार थार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनमें से एक को डॉक्टरों ने जयपुर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थार गाड़ी अखड्डा की ओर से तेज रफ्तार में डिवाइडर तोड़कर सीधे इको कार से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इको कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार श्रद्धालु अंदर फंस गए। मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि थार चालक नशे की हालत में था और ओवर स्पीड में वाहन चला रहा था। गुस्साए ग्रामीणों ने जहां घायलों को बाहर निकालने में मदद की, वहीं भड़के लोगों ने चालक की पिटाई भी कर दी।

# कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य खोह नदी में गिरा ट्रक, चालक की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नजीबाबाद–बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य कोटद्वार से करीब सात किलोमीटर आगे एक ट्रक अनियंत्रित होकर खोह नदी में गिर गया। दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।



जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। रविवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे कुछ लोगों खाई में ट्रक गिरा हुआ दिखाई दी। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाते हुए ट्रक चालक को खाई से बाहर निकला और 108 की मदद से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान डाडामंडी स्थित रिंगवाड निवासी धीरज सिंह (26 वर्ष) पुत्र नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। बताया कि धीरज ट्रक में समान लेकर कोटद्वार से संगलाकोटी की ओर जा रहा था।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद स्वजनों के सुपुर्द कर दिया।

### मुसलमानों के लिए भारत से बेहतर कोई देश नहीं, मौलाना अरशद मदनी के बयान पर शाहनवाज हुसैन

नई दिल्ली ,जमीयत उलेमा–ए–हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की ओर से एक कार्यक्रम में देश के मुसलमानों को लेकर दिए बयान पर आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। अरशद मदनी ने एक कार्यक्रम में कहा कि लंदन या न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में मुसलमान मेयर बन सकते हैं, जबकि भारत में वही व्यक्ति किसी विश्वविद्यालय का कुलपति तक नहीं बन सकता। मदनी के इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। शाहनवाज हुसैन ने रविवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा, मौलाना अरशद मदनी का बयान अत्यंत गैर–जिम्मेदाराना और निंदनीय है। उन्होंने भारत को बदनाम करने का काम किया है। दुनिया के किसी भी देश में अल्पसंख्यकों को उतने अधिकार नहीं मिले जितने भारत में मिले हैं।

भारतीय मुसलमानों के लिए भारत से बेहतर कोई देश नहीं, हिन्दुओं से अच्छा कोई दोस्त नहीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहतर कोई नेता नहीं मिल सकता। हमारा देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां के मुसलमान कई शहरों में मेयर बने हैं, बड़े–बड़े संवैधानिक पदों पर रहे हैं। भारत का मुसलमान राष्ट्रपति बन सकता है, मुख्य न्यायाधीश बन सकता है, क्रिकेट–हॉकी टीम का कप्तान बन सकता है, वायुसेना का प्रमुख बन सकता है। भारत के मुसलमान को देश का सर्वोच्च पद यानी राष्ट्रपति का पद मिल चुका है। फिर भी मौलाना अरशद मदनी इस तरह के बयान दे रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि यह सच है कि जमीयत उलेमा–ए–हिंद ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन अब यह संगठन कांग्रेस की तरह परिवारवाद का शिकार हो चुका है। अपने संगठन के दरवाजे सबके लिए नहीं खोलते। यह कहना कि भारत में मुसलमान दबाए जा रहे हैं और बहुत परेशान हैं, सरासर गलत और गैर–जिम्मेदाराना है। मौलाना अरशद मदनी को अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

**हमारे देशों में मित्रता अमर रहे**

# जी-20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बोले फ्रांस के राष्ट्रपति

नई दिल्ली , साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन का दूसरा दिन था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भीड़भाड़ वाले हॉल में अचानक भारतीय प्रतिनिधिमंडल की ओर बढ़े। उनके चेहरे पर मुस्कान थी, वे पास आए और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया। दोनों नेताओं ने साथ में खड़े होकर फोटो खिंचवाई। खास बात ये रही कि कैमरों की चमक में दोनों की गहरी दोस्ती भी चमक रही थी। इस मौके पर मैक्रों भारत और फ्रांस की संबंधों की तारीफ करते दिखे तो पीएम मोदी ने भी दोनों देशों की दोस्ती को दुनिया के भविष्य के लिए अच्छा बताया। त्र20 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात में क्या कुछ खास रहा, इस खबर में समझते हैं।



पीएम मोदी से मिलकर क्या बोले इमैनुएल मैक्रों?

प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुशी जाहिर की। उन्होंने पोस्ट किया, शुक्रिया, मेरे दोस्त नरेंद्र मोदी। जब देश मिलकर आगे बढ़ते हैं तो वे और भी मजबूत होते हैं। हमारे देशों के बीच दोस्ती अमर रहे! वहीं, पीएम मोदी ने भी फ्रांस के राष्ट्रपति से मुलाकात को सराहा। खास बात ये भी रही कि पीएम मोदी ने एक्स पर फ्रांस देश की भाषा फ्रेंच में पोस्ट किया, जोहान्सबर्ग में त्र20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर खुशी हुई। हमने तमाम मुद्दों पर उपयोगी बातचीत की। भारत और फ्रांस के आपसी संबंध वैश्विक हित के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बने हुए हैं।

त्र20 समिट में इन नेताओं से मिले क्करू मोदी

गौरतलब है कि पीएम मोदी ने दक्षिण अफ्रीका में जी20 शिखर सम्मेलन के इतर अलग–अलग देशों के नेताओं से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम, साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से हुई। इसके अलावा, त्र20 नेताओं की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ग्लोबल

### बंगाल में एक और बीएलओ ने की आत्महत्या

कोलकाता ,पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक दुखद घटना सामने आई है। नादिया जिले में एक ब्लॉक लेवल अधिकारी रिंकू तरफदार ने आत्महत्या कर ली है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। तृणमूल कांग्रेस ने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए कहा कि कृष्णानगर में हुई इस खुदकुशी ने प्रशासन को झकझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि रिंकू तरफदार एक पैरा–टीचर थीं और उन्होंने अपने सुसाइड नोट में कथित तौर पर चुनाव आयोग को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्र और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि आखिर और कितनी जानें जाएंगी और एसआईआर (स्ढ्ढक्र) के लिए और कितने लोगों को मरने की जरूरत है? उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के लिए हमें और कितनी लाशें देखनी पड़ेंगी, यह स्थिति अब सच में चिंताजनक हो गई है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने हैरानी जताते हुए आरोप लगाया कि 'अमानवीय प्रशासनिक दबाव, कड़ी समय सीमा (डेडलाइन) और छोटी–छोटी गलतियों के लिए सजा के लगातार डरझ् ने एक और हंसती–खेलती जिंदगी को बर्बाद कर दिया है।

# दो साल में 5 डॉक्टरों ने मिलकर जुटाए थे 26 लाख रुपये

### कई शहरों को थी दहलाने की साजिश; दिल्ली ब्लास्ट में बड़ा खुलासा



नई दिल्ली ,व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल मामले के मुख्य आरोपी मुजम्मिल गनी ने हृद्ब की पूछताछ में कई अहम बातें बताई हैं। उसके अनुसार, 5 डॉक्टरों ने मिलकर 26 लाख रुपये जुटाए थे, ताकि देश के कई शहरों में एक साथ बड़े हमले किए जा सकें। यह नेटवर्क करीब दो साल से विस्फोटक सामग्री और रिमोट ट्रिगर डिवाइस इक्_ा करता रहा। अधिकारियों ने बताया कि गनी ने खुद 5 लाख रुपये दिए, आदिल अहमद राथर ने 8 लाख, उसके भाई मुजफ्फर राथर ने 6 लाख, शाहीन शाहिद ने 5 लाख और डॉ. उमर उन–नबी ने 2 लाख रुपये दिए। सारी रकम उमर को दी गई थी, जिससे संकेत मिलता है कि मुख्य जिम्मेदारी उसी के पास थी।

गनी ने स्वीकार किया कि उसने गुरुग्राम और नूह से 3 लाख रुपये में 26 क्विंटल हक्क्य खाद खरीदी थी। अधिकारियों के अनुसार, गनी की भूमिका सामग्री इक्_ा करने की थी, जबकि उमर इस खाद को विस्फोटक में बदलाने और रिमोट डेटोनेटर तैयार करने का काम देख रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि बड़ी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट और यूरिया भी जमा किया गया था। हमले से जुड़े कामों को स्पष्ट रूप से बांटा गया था, तकनीकी हिस्से की जिम्मेदारी उमर पर थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक तीन डॉक्टर–मुजम्मिल गनी, शाहीन शाहिद और आदिल राथर–गिरफ्तार हो चुके हैं। आदिल का भाई मुजफ्फर राथर अफगानिस्तान में होने की आशंका है। अल–फलाह मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले निसार उल–हसन की तलाश जारी है।

जांचकर्ताओं का मानना है कि 10 नवंबर को लाल किले के पास कार में रखे विस्फोटकों को भी उमर ने ही सक्रिय किया था। हृद्ब अधिकारियों का कहना है कि आरोपी का बयान बिखरे हुए सुरागों को जोड़ने में अहम साबित हुआ।

# बड़ा खुलासा! यासीन मलिक ने ही वायुसेना के जवानों पर चलाई थी गोलियां

### 34 साल बाद दो गवाहों ने की पहचान

जम्मू , श्रीनगर में वर्ष 1990 में वायुसेना अधिकारी सहित चार कर्मियों की हत्या मामले में शनिवार को जम्मू की टाडा अदालत में दो प्रमुख चश्मदीद गवाहों ने आतंकी और मुख्य आरोपित यासीन मलिक समेत तीन अन्य–जावेद मीर, नाना जी और शौकत बख्शी की कोर्ट में पहचान की। शनिवार को चारों आरोपियों की टाडा अदालत में पेशी हुई। यासीन मलिक तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में उपस्थित हुआ। जिरह के दौरान बुलाए गए दोनों अहम गवाहों–जिनमें वायुसेना का एक स्टाफर और एक अन्य चश्मदीद शामिल था–ने अदालत में स्पष्ट रूप से कहा कि हमला यासीन मलिक ने ही किया था। उन्होंने उसे मुख्य शूटर करार देते हुए बताया कि गोलीबारी उसी ने शुरू की थी।इस हमले में चार वायुसेना कर्मी शहीद हुए थे, जबकि 22 अन्य घायल हो गए थे। शहीदों में वायुसेना के अधिकारी रवि खन्ना भी शामिल थे। जिरह के दौरान गवाह अपने पहले दिए बयान पर दृढ़ रहे।

**क्या था मामला?**

25 जनवरी 1990 को श्रीनगर के रावलपुरा इलाके में वायुसेना कर्मियों पर किए गए भीषण हमले में यासीन मलिक पर अन्य आतंकियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम

## रामलला की नगरी बनेगी विश्व का आध्यात्मिक केंद्र, सजधज कर तैयार

अयोध्या , रामलला की नगरी अयोध्या एक बार फिर विश्व पटल पर एक नया अध्याय लिखने जा रही है। 25 नवम्बर को होने वाले भव्य ध्वजारोहण समारोह को लेकर शहर में असाधारण उत्साह और व्यापक तैयारी देखने को मिल रही है। इस आयोजन को सिर्फ धार्मिक दृष्टि से नहीं बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और तकनीकी गरिमा को विश्व भर में प्रदर्शित करने वाले महोत्सव के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में पूरे शहर को उत्सवमय वातावरण में सजाया जा रहा है। मार्गों को फूलों की लड़ियों, थीम आधारित लाइटिंग और सजावटी तत्वों से चमकाया जा रहा है। ध्वजारोहण के दिन राम मंदिर परिसर में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा, ताकि देश–दुनिया का हर व्यक्ति इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बन सके। ध्वजारोहण की भव्यता हर कोने में पहुँचे, इसके लिए सूचना विभाग ने बड़े पैमाने पर तकनीकी व्यवस्था खड़ी की है।

जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी के अनुसार अयोध्या नगर व तहसील और ब्लॉक स्तरों पर। में 50 से अधिक स्थानों पर एलईडी वाल और एलईडी वैन स्थापित की जा रही हैं। प्रमुख स्थानों में पोस्ट ऑफिस, तुलसी स्मारक भवन, कारसेवकपुरम, टेढ़ी बाजार, रेलवे स्टेशन, सूर्यकुंड, गुप्तारघाट, राम कथा पार्क, मीडिया सेंटर आदि शामिल हैं। बस स्टैंड, सहादतगंज, देवकाली बाईपास, उदया सहित कई अन्य स्थानों पर भी एलईडी वैन तैनात की जाएंगी। इन स्क्रीन के माध्यम से हर नागरिक अपने घर, मोहल्ले या बाजार से इस अलौकिक आयोजन को देख सकेगा।

**भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई का कार्यकाल पूरा**

# बोले– रिटायरमेंट के बाद सरकारी पद स्वीकार नहीं

नई दिल्ली , भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई का कार्यकाल पूरा हो चुका है। रविवार को वह अपने पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। रिटायरमेंट से ठीक पहले आयोजित विदाई समारोह में उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। सीजेआई ने न्यायपालिका से जुड़े मिथकों, सामाजिक न्याय और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत विचार साझा किए। सीजेआई बीआर गवई ने स्पष्ट किया कि रिटायरमेंट के बाद वे किसी भी सरकारी पद को स्वीकार नहीं करेंगे। आगे के अपने सफर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह पहले 10 दिन आराम करेंगे, उसके बाद आगे की योजनाओं पर निर्णय लेंगे। उन्होंने बताया कि समाज सेवा उनके खून में है। विशेष रूप से वे आदिवासी क्षेत्रों में सामाजिक कार्य करने की योजना रखते हैं।



कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्र न्यायपालिका के सवाल पर गवई ने बेबाक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कहना सही नहीं है कि अगर कोई जज सरकार के पक्ष में फैसला देता है तो वह स्वतंत्र नहीं है। फैसले कानून और संविधान के आधार पर लिए जाते हैं।

सीजेआई ने एससी–एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य आरक्षण के असल लाभार्थियों तक विशेष सहायता पहुंचाना है। उनके अनुसार इससे उन लोगों को लाभ मिलेगा जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे अधिक जरूरत है। सोशल मीडिया को लेकर सीजेआई ने कहा कि यह आजकल समस्या बन गई है। हम जो नहीं कहते, वह भी लिखा और दिखाया जाता है। यह केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है, सरकार और अन्य संवैधानिक संस्थाएं भी इससे प्रभावित हैं। एक सवाल के दौरान जब पूछा गया कि किसी जज के घर पैसे मिलने की स्थिति में सीधे एफआईआर दर्ज होनी चाहिए या सीजेआई द्वारा जांच कराई जानी चाहिए, तो गवई ने टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यशवंत वर्मा मामले पर कोई कमेंट नहीं करूंगा, क्योंकि यह मामला अब पार्लियामेंट के पास है।

संवैधानिक बहस से जुड़े एक हालिया निर्णय पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के रेफरेंस वाले फैसले में राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिलों को मंजूरी देने के लिए समय अवधि तय नहीं की जा सकती। इस मामले में उन्होंने स्पष्ट किया कि दो सदस्यीय पीठ के फैसले को बदला नहीं गया, बल्कि भविष्य के लिए संभावित व्यवस्था पर राय दी गई है।

इसके अलावा, न्यायपालिका में रिश्तेदारों की नियुक्ति के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह धारणा पूरी तरह सही नहीं है कि जजों के रिश्तेदार जज बन जाते हैं।

## सम्पादकीय

# नेता, गुजरात बनाम उत्तराखंड

आमतौर पर नेताओं के कार्यक्रमों के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश कार्यक्रम ऐसे समय में आयोजित किए जाते हैं जब यातायात का सर्वाधिक दबाव होता है लेकिन वीआईपी कार्यक्रम में कोई खलल ना पड़े इसके लिए प्रशासन पूरी ताकत लगा देता है, फिर चाहे फिर आम लोगों को भारी परेशानियां क्यों न उठानी पड़े। उत्तराखंड में नेताओं को भले ही आमजन की परेशानियों से कोई लेना–देना नहीं हो लेकिन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने एक ऐसी मिसाल पेश की जिसकी तारीफ पूरे देश में की जा रही है। मामला गुजरात के एक परिवार की शादी से जुड़ा हुआ है जहां समारोह स्थल के बगल में ही मुख्यमंत्री का भी कार्यक्रम था और इस कारण परिवार चिंतित था कि  कार्यक्रम के कारण उनके कार्यक्रम में परेशानियां उत्पन्न होगी। जाहिर है अति विशिष्ट कार्यक्रम के कारण सुरक्षा प्रबंध और प्रतिबंधित क्षेत्र की आशंका से परिवार परेशान हो गया कि उनकी शादी की रस्में बाधित न हो जाएँ, लेकिन परिवार ने इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय में संपर्क किया और उसके बाद जिस प्रकार का जवाब उन्हें मिला उससे वह पूरा परिवार खुद भी हैरान रह गया। परिवार की चिंता की सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंची, जिसके बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने तुरंत फोन कर परिवार को आश्वस्त किया और कहां की आप निश्चित रहे आपका कार्यक्रम आपकी नियत स्थल पर ही होगा और हम अपना कार्यक्रम कहीं दूसरे स्थान पर करवा लेंगे। सीएम द्वारा सिर्फ कहा ही नहीं गया बल्कि तत्काल अप कार्यक्रम को रद्द करने और अन्यत्र करने की घोषणा भी कर दी गई। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का या फैसला आम जनता में विश्वास एवं एक जनहित केंद्रीय प्रशासन का उदाहरण है। यह निर्णय जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही की सरकार की नीति को दर्शाता है। वहीं दूसरी और बात करें उत्तराखंड और दूसरे राज्यों की तो भले ही आम जनता परेशान होती रहे लेकिन नेताओं के कार्यक्रम ऐसे समय में ही आयोजित किए जाते हैं जब सड़कों पर सर्वाधिक भार होता है। ऐसे में पुलिस अपनी ड्यूटी करती है और आम जनता हालातों को देखकर शासन प्रशासन को कोसते हैं। एक उदाहरण विधानसभा सत्र के दौरान देखने को मिलता है जब प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए देहरादून हरिद्वार रोड पर बैरिकेटिंग लगाए जाते हैं जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है और उन्हें संकरी गलियों में खदेड़ दिया जाता है। यदि यही बेरीकेटिंग विधानसभा गेट से कुछ पहले विधानसभा मार्ग पर ही लगाएं जाए तो दोनों तरफ का यातायात निर्बाध रूप से चलाया जा सकता है। व्यवस्था केवल नेताओं के लिए नहीं बल्कि उससे पहले आम जन के लिए होनी चाहिए, लेकिन जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि जनता से ही दूरी बनाने लगते हैं। उत्तराखंड में कभी कोई ऐसी मिसाल देखने को नहीं मिली जब किसी नेता ने आमजन की सुविधा को देखते हुए या तो अपने कार्यक्रम रद्द किए हो या फिर अपने आवागमन के लिए यातायात को ना रोकने के दिशा निर्देश जारी किए हों। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के लिए भले ही ऐसा फैसला लेना एक साधारण बात रही हो लेकिन इस फैसले से कितने लोगों को सुविधा हुई यह ज्यादा मायने रखता है।

# साफ हवा की मांग करते लोग सड़कों पर उतरे



**अजीत द्विवेदी**

दिल्ली की हवा में दम घुट रहा है। यह बात सिर्फ वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के आंकड़ों से नहीं समझी जा सकती है। जो लोग इस हवा में सांस ले रहे हैं उनको महसूस हो रहा है कि वे अपने फेफड़े में जहर भर रहे हैं। फिर भी अगर आंकड़ों के लिहाज से ही देखें तो पिछले करीब एक महीने से दिल्ली में एक्यूआई का आंकड़ा बढ़ा हुआ है। दिवाली से कई दिन पहले ही इस साल हवा प्रदूषित हो गई। ऊपर से दिल्ली सरकार की कृपा से इस बार दिवाली में 'ग्रीन पटाखेइ भी फूटे। सरकार ने तरह तरह के उपाय करके आंकड़े छिपाने या दबावे के प्रयास किए फिर भी एक्यूआई तीन सौ से ऊपर रहा। यानी दिल्ली की हवा 'बेहद खराबइ से लेकर 'गंभीरइ श्रेणी में रही। इस पूरी अवधि में सरकार का सारा जोर हवा की गुणवत्ता ठीक करने के उपायों की बजाय यह बताने पर रहा कि इस साल पहले से कम प्रदूषण है और हालात धीरे धीरे सुधर रहे हैं। हालांकि यह सुधार सिर्फ कागजों पर था।

असल में दिल्ली की सरकार हो या पड़ोसी राज्यों की सरकारें या केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट सब इसे बुनियादी रूप से पर्यावरण की समस्या मान कर इसको सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। पर्यावरण की समस्या होने के साथ साथ यह लोक स्वास्थ्य से जुड़ी एक बड़ी समस्या है। यह भी कह सकते हैं कि यह हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात हैं, जिससे निपटने के लिए तत्काल कुछ क्रांतिकारी उपायों की जरुरत है। सरकारों और अदालतों को समझना चाहिए कि यह अनायास नहीं है कि लोग साफ हवा की मांग करते हुए सड़कों पर उतरे हैं। यह किसी सरकार का विरोध नहीं है। यह कोई राजनीतिक प्रतिरोध भी नहीं है। यह जीवन के बुनियादी अधिकार को हासिल करने का आंदोलन है। लोग अपने बच्चों के लिए और अपने घरों के बुजुर्गों की सांस सुरक्षित करने के लिए आंदोलन करने पर मजबूर हुए हैं। इस बात ने उनको नाराज किया है कि वायु प्रदूषण के कारण उनकी आंखों में जलन हो रही है, गले में स्थायी खराश है और सीने में जकड़न बढ़ रही है और दूसरी ओर सरकार कह रही है कि हालात पहले से ठीक हैं और धीरे धीरे सुधार हो रहा है।

पहले से ठीक होने और धीरे धीरे सुधार के दावे को लेकर पहला और बड़ा सवाल तो यह है कि दिल्ली में इतना प्रदूषण कैसे हुआ? यह सवाल इसलिए है कि हर बार पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के किसानों पर दिल्ली के प्रदूषण का दोष डाल दिया जाता है। हर बार कहा जाता है कि किसान पराली जला रहे हैं इसलिए दिल्ली की हवा दूषित हो रही है। लेकिन इस बार तो पंजाब और हरियाणा में किसानों के पास पराली बची ही नहीं थी जलाने के लिए! पंजाब में तो ऐसी बाढ़ आई कि राज्य के सभी 23 जिले उसमें डूबे। किसानों की लगभग सारी फसल बरबाद हो गई। ऊपर से सरकार की ओर से पराली को लेकर इतनी सख्ती की जा रही है, जिसकी मिसाल नहीं है। किसानों की एमएसपी बंद करने और भारी जुर्माना लगाने के नियम बने हैं, जिससे डर कर किसान पराली नहीं जला रहे हैं या चोरी छिपे कहीं थोड़ी बहुत पराली जलाई गई। इसके बावजूद दिल्ली की हवा पहले की ही तरह प्रदूषित रही।जाहिर है दिल्ली में हवा के प्रदूषित होने के दूसरे भी कारण हैं और वो कारण ज्यादा प्रभावी हैं। ध्यान रहे किसानों को दोष देना सबसे आसान काम है, जो अब तक किया जा रहा है। परंतु बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों को या कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को या दूसरे बड़ी फैक्टरियों को दोष देने से सब बचते रहे हैं। एक दूसरी समस्या यह है कि सरकारें इसे मौसमी समस्या मान कर इससे निपटने के उपाय करती हैं। माना जाता है कि प्रदूषण की समस्या नवंबर से जनवरी तक यानी तीन महीने रहेगी और इन तीन महीनों में कुछ न कुछ उपाय करते हुए दिखना है और फिर सर्दियां खत्म होते ही प्रदूषण कम हो जाएगा तो इसे भूल जाएंगे। यह भी माना जाता है कि कभी भी तेज हवा चलने लगेगी या बारिश हो जाएगी तो हवा में मौजूद हानिकारक पार्टिकुलेट मैटर कम हो जाएंगे और हवा साफ हो जाएगी। इसी सोच में कृत्रिम बारिश के तमाशे का भी स्वांग कई दिनों तक चलता रहा था। कई दिनों क्या इस तमाशे की चर्चा कई महीने तक चली। अंत में हुआ कुछ नहीं। जाहिर है बुनियादी समस्या एटीट्यूड और एप्रोच की है। वायु प्रदूषण को पर्यावरण की तात्कालिक समस्या मानने के एटीट्यूड और इससे निपटने के तात्कालिक उपायों की एप्रोच के कारण कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।दुनिया के दूसरे देशों ने ऐसी समस्या का समाधान निकाला है। बीजिंग तो एक दशक पहले इससे गंभीर वायु प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा था। लेकिन लोगों के लगातार दबाव के बाद सरकार एक्शन में आई और उसने सफाई के उपाय किए। आज बीजिंग के नागरिक साफ हवा में सांस ले रहे हैं। अगर चीन की मिसाल उपयुक्त न लगे तो उत्तरी मैसिडोनिया की मिसाल ली जा सकती है। वहां तो पिछले साल ही बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया, जिसके बाद सरकार को हवा की सफाई की ठोस योजना लागू करनी पड़ी। भारत में भी पहली बार लोग साफ हवा के लिए सड़क पर उतरे हैं। इंडिया गेट पर हुए प्रदर्शन को गंभीरता से लेने की जरुरत है। यह किसी कर्मचारी संघ या किसान समूह या मजदूर संघ या किसी भी हित समूह का प्रदर्शन नहीं था, जिसे पीछे से कोई संगठन निर्देशित कर रहा था। यह आम नागरिकों का प्रदर्शन था, जो साफ हवा में सांस लेने के अधिकार के लिए सड़क पर उतरे थे। प्रदर्शन में लोगों का गुस्सा और उनकी निराशा दोनों साफ दिख रहे थे।केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों को आम नागरिकों की इस भावना को समझना चाहिए। अगर सरकारें किसानों को, नागरिकों को या बारिश और हवा को दोष देती रहेंगी तो धीरे धीरे लोगों का गुस्सा बढ़ेगा। समय काटने और अपने आप हवा की गुणवत्ता में सुधार हो जाने पर संतोष कर लेने की एप्रोच भी लोगों को नाराज करेगी। क्योंकि यह सिर्फ तीन महीने की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे साल की समस्या है और सिर्फ पर्यावरण की नहीं, बल्कि लोक स्वास्थ्य की भी समस्या है। इसलिए वन व पर्यावरण मंत्रालय से लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय और शहरी विकास से लेकर लोक निर्माण से जुडे तमाम विभागों को एक साथ आकर एक ठोस योजना बनानी होगी, जिससे इस समस्या का स्थायी समाधान निकले।

## सर्दियों में इस्तेमाल करनी चाहिए कोल्ड क्रीम, इसे लगाने से मिलते हैं ये मुख्य फायदे

सर्दियों में शुष्क हवा चलती है, जिसकी वजह से त्वचा फटने लगती है।

ऐसे में साधारण क्रीम असर नहीं कर पाती और रूखेपन को कम करने में सक्षम नहीं हो पाती है। इस मौसम के दौरान कोल्ड क्रीम लगाने की सलाह दी जाती है, जिसे खास तौर से सर्दी के लिए बनाया जाता है। यह तेल वाला गाढ़ा मॉइस्चराइजर होता है, जो त्वचा को गहराई तक हाइड्रेट करता है। इसके जरिए त्वचा की देखभाल करने से ये लाभ मिलते हैं।

**रूखेपन से मिलता है छुटकारा**

सर्दियों में कोल्ड क्रीम इस्तेमाल करने का सबसे मुख्य लाभ यह है कि इसकी मदद से त्वचा हाइड्रेट रहती है। यह क्रीम रूखेपन का इलाज करके त्वचा को नमी प्रदान करती है। इसे लगाने पर यह आपकी त्वचा की गहरी कोशिकाओं में फैल जाएगी और उनकी पूरी तरह से मरम्मत कर देगी। यह त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देती है, जो नमी को रोकती है और पानी की कमी भी नहीं होने देती।

लालपन और खुजली होती है ठीक

सर्दियों में कई लोगों की त्वचा लाल पड़ जाती है और उन्हें खुजली भी होती रहती है। ऐसे लोगों के लिए कोल्ड क्रीम लगाना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। यह क्रीम त्वचा की खोई हुई नमी को बहाल करने का काम करती है, जिससे इन दोनों समस्याओं का निवारण हो जाता है। इतना ही नहीं, यह क्रीम त्वचा से जुड़ी आम एलर्जी के इलाज में भी मदद कर सकती है।

**फटे होंठों को भी देती है नमी**

कोल्ड क्रीम केवल त्वचा की ही नहीं, बल्कि होंठों की देखभाल में भी सहयोग कर सकती है। इसे नियमित रूप से इस्तेमाल करने से फटे हुए होंठ दोबारा नमी युक्त हो जाते हैं। अगर आपने एक अच्छी गुणवत्ता वाली कोल्ड क्रीम में निवेश किया है तो आपको अलग से लिप बाम खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसे दिन में 2 से 3 बार होंठों पर लगाएं और असर देखें। इसकी मदद से होंठों का रंग भी गुलाबी हो जाएगा।

**त्वचा की बनावट में आता है सुधार**

कोल्ड क्रीम को रोजाना कम से कम 2 बार तो इस्तेमाल करना ही होता है। ऐसा करने से समय के साथ आपकी त्वचा की बनावट में सुधार आना शुरू हो जाएगा। इसके मॉइस्चराइजिंग तत्व त्वचा को मुलायम बना देते हैं, जबकि ग्लिसरीन जैसे अन्य तत्व गहराई तक नमी प्रदान करते हैं।

हाइड्रेशन को रोक कर रखने और नमी बढ़ाने वाले गुणों के कारण कोल्ड क्रीम त्वचा को पर्यावरणीय परेशानियों और डिहाइड्रेशन से बचाती है।

# लालू प्रसाद यादव के राजद को बिहार ने नकारा



**अजय दीक्षित**

बिहार विधानसभा चुनावों में राजद की करारी हार के बाद लालू प्रसाद यादव परिवार में घनघोर द्वंद्व मच गया है। लालू प्रसाद यादव को एक किडनी देने वाली उनकी पुत्री रोहणी आचार्य ने रात्रि में घर छोड़ दिया। बताया जाता है कि उसे चुनाव परिणाम आने के बाद चप्पल से पीटा गया है।

ऐसा रोहणी आचार्य ने खुद हवाई अड्डे पर मीडिया को बताया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल वाटर लू का युद्ध साबित होगा।अब यहां यह पार्टी खत्म होती जाएगी ऐसा राजनीतिक विशेषज्ञ का मानना है।इन चुनावों में राजद माई फैक्टर भी खत्म हो गया है।1989 राजीव गांधी की हार के बाद केंद्र में जनता दल की सरकार बनी और जब बिहार में विधानसभा चुनाव हुए तो तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह की मदद से लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री बने।1989 से 2005 तक लालू प्रसाद यादव ने शासन किया। इन दौरान बिहार में जैसे गुंडा राज हो गया। सरकारी ठेका, शराब ठेके, जमीनों पर कब्जा, शासकीय योजनाओं की लूट खसोट खूब हुई । असामाजिक तत्वों ने राजद के झंडे तले खूब धन कमाया भी और उगाया भी।इन दौरान शासकीय बजट को बिना काम किए लालू प्रसाद यादव के समर्थकों ने जमकर दोहन किया। केंद्र पोषित शासकीय योजनाओं का पैसा हड़पना शुरू कर दिया तो योजनाएं ठप्प हो गई। 1998 में भारतीय जनता पार्टी की अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार बनी यही से उल्टी गिनती शुरू हो गई।

दूसरी ओर लालू प्रसाद यादव के साले साधु यादव ने जंगलराज कायम कर दिया।पूरा बिहार जलने लगा और तो और लालू प्रसाद यादव सवर्ण, पिछड़ी जातियों को प्रताड़ित करने लगे वे इसे सामाजिक न्याय कहते थे।एक अपहरण उद्योग भी बन गया। मुजूजरपुर के गोलू नामक बालक के अपहरण हत्या से पूरे बिहार में सन्नाटा छा गया था लेकिन लालू प्रसाद यादव को कोई चिंता नहीं थी ।उनकी पुत्री मिसा भारती की शादी में पटना में साधु यादव के गुंडों ने इतना धमाल मचाया कि कारों के शो रूम से कार उठा ले गए, सोफा सेट ,अन्य सामान उठा ले गए।

नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव से अलग होकर जॉर्ज फर्नांडिस के साथ समता दल बनाया। उधर लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले में जेल गए तो उनकी बिना पढ़ी लिखी पत्नी रावड़ी देवी मुख्यमंत्री बनी और जेल से ही सरकार चलने लगी ।तब बिहार बासी समझे कि उनके साथ धोखा हो रहा है।2005 में एनडीए की सरकार बनी जो आज तक चल रही है।2025 विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और जेडीयू ने राजद को हरा दिया। लालू प्रसाद यादव ने जब रेल मंत्री थे तब जमीन के बदले नौकरी दी ।जमीन घूस के रूप में दी गई थी और उसकी जांच ईडी, सीबीआई कर रही है। बिहार की जनता इतना जंगल राज झेलने के बाद अब राजद, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, मीसा भारती,को कभी भी पसंद नहीं करेगी ।यद्यपि यादव, मुस्लिम वोट पर राजद की पकड़ बरकरार है। लेकिन जेडीयू, भारतीय जनता पार्टी, लोजपा,हम,इल्म ,पार्टियों गठजोड़ 49 फीसदी वोट हासिल कर राजद, कांग्रेस, महागठबंधन को चारों खाने चित्त कर देता है।

## आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा

इस्लामाबाद में हुए बम धमाके में 12 मौतें हुईं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुरंत इसके लिए भारत को दोषी बता दिया। और उतनी ही फुर्ती से इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने इस पर अपना बयान जारी किया। सुरक्षा एजेंसियों ने 10 नवंबर को आतंकवाद के एक बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया और उसके कुछ घंटे बाद ही दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर कार विस्फोट हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे साजिश का नतीजा बताया है। इस घटना से पूरा भारत हिला हुआ है। मगर अमेरिका ने उस पर प्रतिक्रिया जताने में लगभग 24 घंटे लगा दिए। फिर भारत स्थित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का बयान आया, जिसमें हताहत लोगों के लिए हमदर्दी जताई गई। 11 नवंबर को पाकिस्तान में इस्लामाबाद में एक जिला कोर्ट के बाहर हुए बम धमाके में 12 मौतें हुईं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुरंत इसके लिए भारत को दोषी बता दिया।

और उतनी ही फुर्ती से इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने इस पर अपना बयान जारी किया। उसमें इस घटना की निंदा की गई और कहा गया– 'आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में अमेरिका पाकिस्तान के साथ एकजुट खड़ा है।.. अपने देश में शांति और स्थिरता लाने के पाकिस्तान सरकार के प्रयासों का हम समर्थन करते हैं। तो अंतर साफ है। इस फर्क को हमें ध्यान में रखना चाहिए, क्योंकि इससे इस क्षेत्र की स्थितियां प्रभावित हो रही हैं। विशेषज्ञों ने अंदेशा जताया है कि अमेरिका और चीन के साथ अपने अनुकूल संबंधों से उत्साहित पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैलाने की कोशिशों में नई ऊर्जा के साथ जुट सकता है।

उधर बांग्लादेश की खुफिया एजेंसियों के साथ गहराते रिश्तों के कारण पाकिस्तान के लिए भारत विरोधी साजिश रचना और आसान हो गया है। साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल के मुताबिक भारत में इस वर्ष अब तक आतंकवाद से संबंधित साजिश के आरोप में 82 लोग गिरफ्तार हुए हैं। इसे इस बात का संकेत समझा गया है कि आतंक का नेटवर्क फिर फैल रहा है, जो हाल के वर्षों में कमजोर पड़ा हुआ था। इसके पीछे पाकिस्तान संचालित गुटों के हाथ का संदेह है।

# तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की रिलीज डेट से पर्दा उठा



क्रिसमस 2025 अब और भी खास होने वाला है! कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक कॉमेडी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरीइ् अबतय समय से एक हफ़्ता पहले, 25 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पहले यह फिल्म 31 दिसंबर को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिनआलिया भट्ट की 'अल्फाइ् के 2026 तक टलने के बाद निर्माताओं ने इस रोमांटिक सफर को क्रिसमस वीकेंड पर लाने का फैसला किया – ताकिदर्शकों को मिल सके प्यार, हंसी और त्योहारी मस्ती का परफेक्ट कॉम्बो।

यह फिल्म पति पत्नी और वो और गहराइयां के बाद कार्तिक और अनन्या की तीसरी ऑन–स्क्रीन जोड़ी है, जिसे फैंस पहले से ही जनरेशन जेड कीरोम–कॉम जोड़ी कह रहे हैं। 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरीइ् रे और रूमी की कहानी है – दो बिंदास दिल जो सपनों, गलतफहमियों और हंसी–ठिठोलीके बीच एक भावनात्मक और मनोरंजक यात्रा पर निकलते हैं। फिल्म के निर्देशक समीर विद्वान्स, जिन्होंने पहले सत्यप्रेम की कथा जैसी संवेदनशील प्रेम कहानी बनाई थी, इस बार भी दिल छू लेने वाली कहानी कोहल्के–फुल्के अंदाज़ और मस्ती के साथ पेश कर रहे हैं।

## रिबेल साब से शुरू होगी फिल्म द राजा साब की म्यूजिकल जर्नी

हॉरर–कॉमेडी फिल्म द राजा साब 9 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रभास की इस फिल्म की रिलीज से पहले निर्माताओं ने फिल्म की म्यूजिकल जर्नी शुरू करने का फैसला किया है। जिसे लेकर प्रभास ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी शेयर की है।प्रभास ने आगामी कॉमेडी हॉरर फिल्म द राजा साब से अपना एक धासूं लुक शेयर किया। इस पोस्टर में प्रभास डांस स्टेप करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ प्रभास ने बताया कि इस फिल्म का संगीतमय सफर 23 नवंबर को रिबेल साब गाने के साथ शुरू होगा। प्रभास की इस पोस्ट पर संदीप वांगा रेड्डी ने लिखा, रिबेल साब द राजा साब एक भारतीय तेलुगु भाषा की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म को मारुति द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। इस फिल्म में प्रभास के अलावा संजय दत्त, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और ऋद्धि कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

# शमी–संजू सहित इन 5 खिलाड़ियों से चयनकर्ताओं ने फेरा मुंह

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैच की सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया। चोट की वजह से शुभमन गिल के बाहर होने से केएल राहुल को टीम का कप्तान बनाया गया है। टीम में ऋतुराज गायकवाड़ की वापसी हुई है। वहीं, कुछ ऐसे भी खिलाड़ी रहे जिन्हें जगह नहीं मिली।

संजू सैमसन

संजू सैमसन को एक बार फिर नजरअंदाज किया गया है। उन्हें टीम में जगह मिल सकती थी। वह ओपनिंग और मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी कर सकते हैं। फिलहाल वह सैदय मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए केरल टीम के कप्तान हैं। संजू को कई बार अनदेखा किया गया है। संजू ने दो साल पहले इंडिया के लिए खेला था। अपने आखिरी वनडे मैच में संजू ने शतक जड़ा था और प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे थे।

अभिषेक शर्मा

टी20 में धमाल मचाने के बाद अभिषेक शर्मा को साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ इंडिया ए में मौका मिला था। उम्मीद जताई जा रही थी कि वह सीनियर वनडे टीम में भी जगह बना सकते हैं। वह सलामी बल्लेबाज हैं और गिल के चोटिल होने के बाद उन्हें रिप्लेसमेंट के रूप में देखा जा रहा था।

मोहम्मद शमी

रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद शमी को एक बार फिर नजर अंदाज किया गया है। जब टेस्ट टीम की घोषणा हो रही थी तो फैंस को उम्मीद थी कि उन्हें टीम में जगह मिल सकती है। हालांकि, नहीं मिली। अब वनडे टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली है। फिलहाल, शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की तैयार कर रहे हैं। उन्हें बंगाल टीम में जगह मिली है।

सूर्यकुमार यादव

मिडिल ऑर्डर की जान और उप–कप्तान श्रेयस अय्यर की जगह सूर्यकुमार यादव को वनडे टीम में जगह मिल सकती थी, लेकिन उन्हें अनदेखा किया गया। सूर्यकुमार यादव का मौजूदा फॉर्म अच्छा नहीं है। शायद इसी वजह से उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि, यह सभी जानते हैं कि सूर्य के अंदर कितना टैलेंट भर पड़ा है।

अक्षर पटेल

अक्षर पटेल मौजूदा टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। इसके बावजूद उन्हें वनडे टीम में जगह नहीं दी गई। वह चोटिल हार्दिक पांड्या की जगह टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकते थे। हालांकि, टीम में वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के रूप में तीन स्पिन शामिल किए गए हैं।

# काम के दवाब पर बोलीं हुमा कुरैशी



मजबूत किरदारों और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों नई वेब सीरीज महारानी 4 के साथ–साथ अपने जीवन और करियर को लेकर चर्चा में हैं। लगातार काम और बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने के बीच वह खुद से कैसे जुड़ी रहती हैं, इस पर उन्होंने खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि अब वह अपने काम को ज्यादा आजादी और आत्मविश्वास के साथ देखती हैं। एक कलाकार के लिए सबसे जरूरी है खुद को समझना और वही करना जिससे दिल संतुष्ट हो। हुमा ने कहा, मैंने अब दूसरों की अनावश्यक टिप्पणियों और आलोचनाओं को नजरअंदाज करना सीख लिया है। पहले मैं लोग क्या कहेंगे इस बारे में अक्सर चिंतित रहती थीं, लेकिन अब मैं इस शोर को अपने दिमाग में घुसने ही नहीं देती हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि एक अभिनेता तभी अच्छा काम कर सकता है,

## रणबीर कपूर की रामायण 2 पर जल्द काम शुरू कर सकते हैं निर्माता

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर लंबे वक्त से महाकाव्य रामायण को लेकर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इसे अब तक की सबसे बड़ी भारतीय फिल्म के रूप में देखा जा रहा है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही रामायण को 2 किस्तों में रिलीज किया जाएगा। यह तो जगजाहिर है कि इसका पहला भाग 2026 में रिलीज होगा, और दूसरा भाग 2027 में रिलीज किया जाएगा। इस बीच, रामायण 2 की शूटिंग से जुड़ी ताजा जानकारी आई है।रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर अभिनीत रामायण 2 पर निर्माता जल्द काम शुरू करना चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि जनवरी, 2026 से दूसरे भाग की शूटिंग पर काम किया जा सकता है। हालांकि, निर्माताओं का आधिकारिक बयान आना बाकी है, जिसके बाद ही शूटिंग पर पुष्टि हो सकेगी। बता दें कि रामायण के दूसरे भाग पर 2025 से काम शुरू होना था, लेकिन फिल्म के मुख्य किरदारों की व्यस्तता के चलते ऐसा संभव नहीं हो पाया।

नितेश की रामायण में भगवान श्रीराम बने रणबीर, आगामी फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित इस फिल्म की बची हुई शूटिंग दिसंबर में इटली में होगी। वहीं रावण का किरदार निभा रहे यश, गीतू मोहनदास की फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं।

# इनान के नाबाद शतक से जीता भारत 'ए', भारत 'बी' को 26 रन से हराया



बेंगलुरु, ऑलराउंडर मोहम्मद इनान ने नंबर आठ पर शानदार नाबाद शतक लगाकर रविवार को भारत 'ए' को भारत 'बी' पर 26 रन से जीत दिलाई। इस जीत से अंडर–19 त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में भारत ए की जगह लगभग पक्की हो गई है।

इनान ने 74 गेंदों में 12 चौके और छह छक्के लगाकर नाबाद 105 रन बनाए, जिससे भारत ए ने 18 ओवर में 68/5 से उबरकर 269/7 का मुश्किल स्कोर बनाया। इसमें कप्तान विहान मल्होत्रा ने भी 42 रनों की उपयोगी पारी खेली।

भारत बी ने बनाए 243

जवाब में भारत बी टीम 47.2 ओवर में 243 रन पर ढेर हो गई। इसमें प्रारंभिक बल्लेबाज अर्नव बुग्गा ने 49 के बाद विकेटकीपर–बल्लेबाज हरवंश पंगालिया (99) ने हेमचूडेशन (45) के साथ शतकीय साझेदारी की पर टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। भारत ए के आदित्य रावत ने (आठ ओवर में 4/34) और मोहम्मद मलिक ने (7.2 ओवर में 4/49) के साथ शानदार तेज गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। इससे भारत बी लगातार तीसरी हार के साथ फाइनल की रेस से बाहर हो गई। इस अंडर–19 त्रिकोणीय सीरीज में अफगानिस्तान

## एक नजर

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने घर–घर जाकर किया संपर्क

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के व्यापक ग्रह संपर्क अभियान के क्रम में गाड़ीघाट विकासनगर बस्ती में घर–घर संपर्क किया गया। आरएसएस की जिला प्रचार प्रमुख अरविन्द दुदपुड़ी ने बताया कि इस दौरान समाज के आम जनमानस को संघ और संघ के द्वारा चलाये जाने वाले प्रकल्पों तथा पंच परिवर्तन स्व नागरिक कर्तव्य सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण के साथ राष्ट्रीयता जागरण की जानकारी दीं गयी । गृह सम्पर्क कार्यक्रम में जिला प्रचार प्रमुख अरविन्द दुदपुड़ी, योगेश नेगी, अशोक असवाल, नकुल प्रजापति , धर्मबीर जैरवाण, अर्जुन, रक्षित आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### वंशिका चौहान का प्रदेश की फुटबॉल टीम में हुआ चयन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः श्री सिद्धबली क्लब की फुटबाल खिलाड़ी वंशिका चौहान का प्रदेश की जूनियर फुटबाल टीम में चयन हो गया है। प्रदेश की जूनियर में टीम में चयन होने पर विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों में खुशी का माहौल बना हुआ है। वंशिका चौहान नगर निगम क्षेत्र की वार्ड नं. 27 के दुर्गापुरी की निवासी है। वर्तमान में वह आरपी पब्लिक स्कूल तेलीपाड़ा में 9वीं कक्षा में पढ रही है। वंशिका के फुटबाल कोच महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वंशिका रूद्रपुर में ट्रायल में चयनित हुई, जहां पर उसने दो सप्ताह का गहन प्रशिक्षण लिया। कहा कि उनकी टीम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए नागालैंड के लिए रवाना हो गई है। कहा कि राष्ट्रीय जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता नागालैंड में खेली जाएगी। उत्तराखंड अपना पहला मुक़बाला 22 नवंबर को नागालैंड के साथ खेलेगी, 24 नवंबर को पंजाब व अंतिम लीग मुकाबला 26 नंवबर को अंडमान और निकोबार के साथ खेला जाएगा।

### सेमिनार में विषय विशेषज्ञ पढ़ेंगे शोध

चमोली। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय परिसर गोपेश्वर में 26–27 नवम्बर को भारतीय ज्ञान प्रणाली और सतत विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जायेगा। इंजीनियरिंग कॉलेज गोपेश्वर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर और हर्बल अनुसंधान एवं विकास संस्थान, मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सेमिनार में देश विदेश से विषय विशेषज्ञ अपने शोध पत्र पढ़ेंगे। इस सम्मेलन में देश विदेश से लगभग 20 से अधिक विषय विशेषज्ञ एवं 200 शोधार्थी प्रतिभाग करेंगे। सेमिनार का शुभारंभ प्रौधोगिकी संस्थान गोपेश्वर में मुख्य अतिथि डॉ रंजीत कुमार सिन्हा, सचिव, उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार, और वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो तृप्ता ठाकुर एवं पर्यावरणविद पद्मश्री डॉ अनिल प्रकाश जोशी के करकमलों से किया जाएगा।

### बेनीताल में तारामंडल, उल्कापिंड और चंद्रमा को करीब से देख आंनंदित हो रहे हें लोग

चमोली। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से चमोली जिले के एस्ट्रो–विलेज बेनीताल में इन दिनों पर्यटक व स्थानीय लोग टेलिस्कोप के जरिये रात में तारामंडल, उल्कापिंड और चंद्रमा को करीब से देख रहे हैं। बेनीताल में 24 नवंबर तक एस्ट्रोवीक सीजन–3 का आयोजन किया जा रहा है। खगोलीय घटनाओं को देखकर लोग आनंदित हो रहे हैं। कर्णप्रयाग से करीब 25 किलोमीटर दूर हजारों पेड़ पौधों से घिरे बेनीताल में इन दिनों उत्सव का माहौल है। कर्णप्रयाग, सिमली सहित आसपास के गांवों से पहुंचकर लोग वहां की मनोरम वादियों में शांत झील को निहार रहे हैं। साथ ही टेलिस्कोप के जरिये बच्चे अनंत आकाश में चंद्रमा व आकाशगंगा को निहारकर वैज्ञानिकों से ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड ने बताया कि एस्ट्रोवीक का उद्देश्य खगोल विज्ञान, पर्यटन और शिक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें देशभर के वैज्ञानिक जुटे हैं। इसमें खगोलीय घटनाओं का अवलोकन, शनिग्रह, जुपीटर, चंद्रमा अवलोकन, नक्षत्र मानचित्रण, खगोलीय व गहन आकाश फोटोग्राफी, सूर्यास्त, हिमालय दृश्यावली का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम में कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आसाम व उत्तराखंड से 30 चयनित प्रतिभागी आकर यहां की दृश्यावली को निहार रहे हैं। टेलिस्कोप से आकाश दर्शन, तारामंडल व उल्कापिंड अवलोकन, वीआर अनुभव, खगोल व्याख्यान, एस्ट्रोफोटोग्राफी कार्यशाला एवं कई रोचक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### मंगलौर से 60 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद

रुड़की। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मकान स्वामी समेत अन्य संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मलानपुरा स्थित बीज गोदाम के निकट एक मकान में छापेमारी की। पुलिस ने मकान में रखे गए करीब 60 किलो प्रतिबंधित मांस को जब्त कर लिया। पुलिस की भनक लगते ही मकान के मालिक और उनके साथी भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने मांस को कब्जे में लेने के साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाया। जांच के बाद मांस को नष्ट करा दिया है। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि मकान स्वामी समेत फरार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### समृद्धि बनीं स्टूडेंट ऑफ द ईयर

विकासनगर( । सेंट मेरीज कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन ह्यसस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्सह्ल थीम पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि इसरो के वैज्ञानिक डॉ. कमल पांडे ने बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सतत विकास के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। समारोह के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्रा समृद्धि शर्मा को ह्यस्टूडेंट ऑफ द ईयरह्ल चुना गया, जिन्हें डॉ. सार्थक अरोड़ा ने 10 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. पांडे ने कहा सांस्कृतिक समारोह के माध्यम से छात्र–छात्राओं को संस्कृति का ज्ञान होता है, जिससे उनमें संस्कारों के साथ ही आत्मविश्वास का सृजन भी होता है। उन्होंने विद्यालय में छात्र–छात्राओं से सर्वांगीण विकास पर जोर देने की सलाह दी है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान छात्र–छात्राओं ने नृत्य नाटिका के माध्यम से नशे से समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को दिखाया। एकांकी नाटक से सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संदेश दिया। इसके साथ ही पंजाबी, मणिपुरी, राजस्थानी लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी गई। सालभर की शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर गतिविधियों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। विशेष आमंत्रित अतिथि संजय जैन ने वरिष्ठ छात्रों को महात्मा गांधी की आत्मकथा भेंट की, जिससे छात्रों को गांधीजी के मूल्यों व आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। इस दौरान फादर लुकस क्लास्टन, ओपी चुग, अनिल बोहरा, पूजा आदि मौजूद रहे।

### किसान के खेत से गन्ने चोरी

रुड़की। क्षेत्र के सिक्खर गांव में शनिवार रात को किसान के खेत से किसी ने गन्ने चोरी कर लिए। किसान ने चोर की खूब तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। सिक्खर गांव निवासी भागमल सैनी ने शनिवार को अपने खेत में गन्ने की छिलाई कर खेत में ही ढेर लगा दिया था। रविवार को खेत में खड़ी अन्य फसल को काटकर उसे गन्ना क्रय केंद्र में बेचने की तैयारी थी, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही अनुज अपने खेत में पहुंचा तो खेत में पड़ी गन्ने की फसल वहां से गायब थी। सूचना पाकर अन्य ग्रामीण वहां पहुंचे और आसपास चोरों की खूब तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। किसान के अनुसार अनुमानित नुकसान करीब पांच हजार रुपए है।

### लापता किशोरी यूपी से बरामद

रुड़की। शहर के एक क्षेत्र से छह दिन पहले लापता हुई कक्षा सात की छात्रा उत्तर–प्रदेश के खेकड़ा थाना क्षेत्र से बरामद हुई है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी 13 वर्षीय एक बच्ची कक्षा सात की छात्रा है। पिता की मृत्यु होने के बाद और मां की दूसरी शादी होने के चलते वह अपने रिश्तेदार के साथ रहकर पढ़ाई कर रही है। विगत 19 नवंबर को भाई ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। नाराज होकर वह कहीं चली गई थी। बच्ची की तलाश के बावजूद जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने गंगनहर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच पड़ताल के बाद उसे बागपत जिला के खेकड़ा से बरामद किया है। बताया गया है कि वह ट्रेन से किसी रिश्तेदार के यहां पर दिल्ली जाने का प्रयास कर रही थी। पुलिस ने छात्रा को परिजनों को सौंप दिया है।

### रात्रि प्रवास पर प्रेमनगर पहुंची देव पालकी

विकासनगर। खत सिलगांव के पंचरा (भंजरा) स्थित महासू देवता मंदिर से देव पालकी और देव चिह्न डोरिया, छड़ी, निशांन को एक रात के प्रवास पर प्रेमनगर पहुंचे। जनजातीय क्षेत्र जोनसार बावर में मन्नत पूरी होने पर देवता को एक रात्रि प्रवास पर आमन्त्रित करने की परंपरा है। इसी कड़ी में रविवार को भंजरा से महासू देवता की पालकी, देव चिह्नों के साथ खत शिलगांव के लोगों ने देहरादून के लिए प्रस्थान किया। देव पालकी को विधिवत पूजा–अर्चना कर मंदिर के गर्भ गृह से बाहर निकाला गया। जिसके बाद पालकी सुरेऊ जिसऊ खराया, पंजिटीलानी, साहिया कालसी, हरिपुर, विकासनगर, सहसपुर, सेलाकुई होते हुए जवाहर सिंह चौहान के हाल निवास प्रेमनगर पहुंची।

# निगम तो वसूल रहा तहबाजारी, जनता झेल रही परेशानी



कोटद्वार के गोखले मार्ग में घूमती रहड़ी ठेली के कारण बेपटरी व्यवस्था

### शहर में लगातार बढ़ती जा रही रेहड़ी टेलियों की संख्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर में रेहड़ी-फड़ों पर फल-सब्जी बेचने वाले व्यापारियों से वसूली जाने वाली नगर निगम की तहबाजारी आमजन की मुसीबतें बढ़ा रहा है। नगर निगम में भले ही डेढ़ सौ रेहड़ी-ठेली पंजीकृत हों। लेकिन, नगर निगम प्रतिदिन क्षेत्र में एक हजार से अधिक रेहड़ी-फड़ वालों से तीस रूपए प्रतिदिन के हिसाब से तहबाजारी वसूल रहा है। इससे भले ही निगम के राजस्व में बढ़ोत्तरी हो रही हो। लेकिन, आमजन के लिए सड़कों पर लगने वाली फल–सब्जी की रेहड़ी–फड़ परेशानी का सबब बनी हुई है।

शहर में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो, जहां आपको फल-सब्जी की रेहड़ी-फड़ न दिखाई दे। पूरे दिन सड़कों पर घूम रहे यह रेहड़ी–ठेली वाले यातायात के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में बाधा बन रहे हैं। सबसे बुरी स्थिति बदरीनाथ मार्ग, गोखले मार्ग, पटेल मार्ग, स्टेशन रोड व देवी रोड पर बनी हुई है। सड़क पर सफेद पट्टी के बाहर खड़ी इन रेहड़ी-ठेलियों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। नियमानुसार, शहर में घूमने वाली सभी रेहड़ी-ठेलियों का नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक है। जिसके बाद नगर निगम उन्हें एक स्थाई जगह उपलब्ध करवाता है। लेकिन, कोटद्वार शहर में नगर निगम रेहड़ी-ठेली वालों को केवल आर्थिकी का जरिया बना रहा है। जबकि, आज तक धरातल पर उनके लिए कई स्थाई जगह चिह्नित नहीं की गई। निगम की इसी लापरवाही के कारण शहर में लगातार रेहड़ी-ठेली वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में यदि इस ओर सख्ती से ध्यान नहीं दिया गया तो चुनौतियां और अधिक बढ़ सकती है।

**कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा**

उत्तर प्रदेश के विभिन्न गांव से प्रतिदिन सैकड़ों रेहड़ी-ठेली वाले शहर में पहुंचते हैं। शहर में सब्जी व फल बेच रहे इन लोगों के बारे में नगर निगम व पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं होती। ऐसे में यदि यह कोई आपराधिक घटना को अंजाम देते हैं तो पुलिस के हाथ खाली ही रहेंगे। जबकि, पूर्व में कई बार गोखले मार्ग में महिलाओं के साथ टप्पेबाजी की घटनाएं भी हो चुकी हैं।

जिसके बाद शहरवासियों ने पुलिस व निगम से रेहड़ी-ठेली व फड वालों का सत्यापन करने की मांग उठाई। लेकिन, सरकारी सिस्टम ने इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। कई रेहड़ी-ठेली वाले नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्ड की गलियों में भी घूमते रहते हैं।

# पूर्व काबीना मंत्री ने जाना मरीजों का हाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने बेस अस्पताल में पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों का हाल जाना।

इस दौरान उन्होंने गुलदार के हमले में घायल महिला के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। पूर्व काबीना मंत्री ने पहाड़ में लगातार बढ़ रही जंगली जानवरों के हमले की घटना पर चिंता व्यक्त की। कहा कि इसके लिए प्रदेश सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी बेस चिकित्सालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रखंड पोखड़ा क्षेत्र के गुलदार से घायल महिला का हालचाल जाना, साथ ही चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। उन्होने कहा कि वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार का आंतक बना हुआ है। आए दिन गुलदार आबादी क्षेत्र में आकर ग्रामीणों पर जानलेवा हमला कर रहा है।

अभी तक पोखड़ा, बीरोंखाल सहित विभिन्न प्रखंडों में दर्जनों घटनाएं हो चुकी है, गुलदार, भालू गोवंश को भी अपना निवाला बना रहा है, जिससे पशुपालकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। एसे में प्रदेश सरकार को हिंसक वन्यजीवों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए। उन्होंने गुलदार के हमले में घायल महिला व भर्ती मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## चार बाल वैज्ञानिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

चमोली। प्रथम उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग के जिला स्तरीय आयोजन में चमोली जिले के चार बाल वैज्ञानिकों ने राज्य स्तर पर जगह बनाई है। गोपेश्वर स्थित पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के सात विकासखंडों से आए प्रतिभागियों ने अपनी वैज्ञानिक समझ और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की शुरुआत एमजीक्यू स्क्रीनिंग से हुई, जिसमें विद्यार्थियों के बुनियादी विज्ञान ज्ञान का आकलन किया गया। इसके बाद विजुअल, अर्जर, रैपिड फायर सहित विभिन्न रोचक राउंड आयोजित हुए। कई चरणों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद शीर्ष चार छात्रों का चयन राज्य स्तरीय मुकाबले के लिए किया गया। चयनित छात्रों में दशोली ब्लॉक से निशांत पंत और आदित्य बुटोला, कर्णप्रयाग से प्रिंस भंडारी तथा गैरसैंण ब्लॉक से अभिषेक सिंह शामिल हैं। निर्णायक मंडल में अनूप खंडूड़ी, डॉ. प्रतात बिष्ट, मनमोहन खाली, आशीष भंडारी, दीवान सिंह, ओपी पुरोहित, किरन भट्ट और सोनी बिष्ट मौजूद रहे, जिन्होंने विभिन्न राउंडों का मूल्यांकन किया। जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ाना और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

### कमरे में मिला चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का शव

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः देवाल बाजार में स्थित एक कमरे में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव मिला है। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को बरामद कर पोस्टर्मीटम के लिए कर्णप्रयाग भेजा हैं। मिली जानकारी के अनुसार मनोज चन्द्र 26 वर्ष पुत्र मदनमोहन जोशी ग्राम जिमखोला थाना गरूड़ बागेश्वर वर्तमान में जनता हाईस्कूल सरकोट में क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। जो देवाल बाजार मे किराए के मकान में रहते थे। मकान मालिक दीप चन्द्र ने पुलिस को सूचना दी की मनोज चन्द्र कल से कमरे से बाहर नहीं निकले। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष थराली व चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और दरवाजे को तोड़ा गया तो कमरे में मनोज चन्द्र मृत अवस्था में मिले।थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने बताया कि मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। शव का पंचनामा भर कर पोस्टर्मीटम के लिए ले जाया गया है। पोस्टर्मीटम रिपोर्ट आने के बाद कार्वाही कि जाएगी।

# पुलिस ने श्रमिकों के देखे आधार कार्ड, सत्यापन करवाने की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः बाहरी राज्यों से कोटद्वार में आने वाले श्रमिकों के सत्यापन को लेकर पुलिस ने गंभीरता से कार्य करना शुरु कर दिया है। रविवार को पुलिस ने झंडाचौक व पटेल मार्ग पर खड़े श्रमिकों के आधार कार्ड चेक किए। इस दौरान पुलिस ने वार्डों में अभियान चलाते हुए बिना सत्यापन कमरा व दुकान किराए पर देने वालों के चालान काटे। साथ ही भविष्य में किराएदारों का अवश्य सत्यापन करवाने की चेतावनी दी गई।



कोटद्वार में सत्यापन अभियान के दौरान श्रमिकों से पूछताछ करती पुलिस

पिछले कई दिनों से पुलिस शहर में सत्यापन अभियान चला रही है। इसी के तहत रविवार को पुलिस ने झंडाचौक में पहुंचकर वहां खड़े श्रमिकों से पूछताछ की। साथ ही पुलिस ने श्रमिकों के आधार कार्ड चेक करते हुए उनके नाम, पते व मोबाइल नंबर भी नोट किए। इसके बाद पुलिस ने नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भी किराएदारों के बारे में जानकारी जुटाई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राज विक्रम सिंह ने बताया कि लगातार अभियान के बाद भी कुछ लोग किराएदारों को बिना सत्यापन मकान व दुकान किराए पर दे रहे हैं। ऐसे में रविवार को दस से अधिक भवन स्वामियों के चालान काटकर एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने क्षेत्र में घूम रहे कई संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की। साथ ही आमजन से कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

# बूचाखाल की छात्रा प्रियांशी रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः जयरीखाल के राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज जयहरीखाल में विकासखंड स्तरीय प्रोजेक्ट आधारित बालमेले का आयोजन किया गया। इस दौरान विज्ञान प्रोजेक्ट में संकुल असनखेत के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूचाखाल की छात्रा प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रधानाचार्य युद्धवीर सिंह नेगी, राकेश बिष्ट, जगमोहन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में नौ संकुल केंद्रों के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विज्ञान प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में संकुल असनखेत के राजकीय उच्चतर



जयहरीखाल में आयोजित विज्ञान प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे

माध्यमिक विद्यालय बूचाखाल की प्रियांशी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोट के छात्र नितेश, राजकीय बालिका इंटर कालेज लैंसडौन के छात्र अमन ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित प्रोजेक्ट में संकुल बरस्वार के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरस्वाक के चद्र प्रसाद प्रथम, राजकीय इंटर कालेज कमलखेत बंदूण की छात्रा तनीषा नेगी द्वितीय, राजकीय आदर्श विद्यालय सुरमाड़ी की साक्षी नेगी तृतीय स्थान पर रही। सामाजिक विज्ञान प्रोजेक्ट में राजकीय इंटर कालेज आधारियाखाल के छात्र वरुण ने प्रथम, राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली की छात्रा अंशिका नेगी ने द्वितीय व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसी के छात्र मोहन रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सुशीला मैंदोला, निशा बलूनी, शिवानी धारियल, मीना अधिकारी, सुचिता बिष्ट, राजदर्शन नेगी, दिनेश रावत, शिवचरण, भास्कर बहुखंडी, आलोक गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रमोहन सिंह रावत ने किया।

### रजत जयंती पार्क के लिए जारी हुए 41.04 लाख

नई टिहरी। मुख्यमंत्री शहरी अवस्थापना विकास योजना के तहत नगर पंचायत घनसाली में देवभूमि रजत जयंती पार्क की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। शासन ने इसके लिए 68.40 लाख के इस्टीमेट के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 60 प्रतिशत धनराशि 41 लाख 4 हजार रूपये जारी किए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने बताया कि प्रत्येक नगर निकाय में सरकार देवभूमि रजत जयंती पार्क बनाने जा रही है। प्रथम चरण में 12 नगर निकायों में यह पार्क बनाए जाएंगे जिसके लिए कुल 12 करोड़ 33 लाख 56 हजार रूपये के सापेक्ष 5 करोड़ 47 लाख रूपये की धनराशि निर्गत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि घनसाली—तिलवाड़ा मोटर मार्ग पर गौशाला और भैंस्वाड़ा पुल के निकट यह पार्क बनाया जाएगा। जिसके लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। बताया कि करीब 718 वर्ग मीटर भूमि पर भव्य पार्क बनाया जाएगा।

## शिविर में स्वयं सेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि बीजीआर परिसर पौड़ी में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान स्वयं सेवियों ने स्वच्छता, सेवा व सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. विक्रम नेगी ने बताया कि शिविर के आयोजन का उद्देश्य एनएसएस स्वयं सेवियों में सामाजिक सरोकार, स्वैच्छिक सेवा भावना और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। रविवार को बीजीआर परिसर पौड़ी में प्रो. अनूप पांडेय ने एनएसएस स्वयं सेवियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने और पर्यावरण प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. पांडेय ने कहा कि छात्र छोटी-छोटी पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. विक्रम नेगी ने कहा कि एनएसएस छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदार बनाता है और स्वच्छता, सेवा और सद्भाव जैसे मूल्यों को व्यवहार में उतारने का अवसर प्रदान करता है। शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया और स्वच्छ एवं सुंदर परिसर बनाने का संकल्प लिया। शिविर के सफल आयोजन ने

# परिश्रम को कोई विकल्प नहीं : एसपी

चमोली। रविवार को श्रीगुरु रामराय पब्लिक स्कूल कर्णप्रयाग ने अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव, रजत जयंती महोत्सव एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। इस दौरान सत्र 2024–25 सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं आंचल नेगी, तन्वी रौतेला, सूर्यांश कठैत तथा कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जतिन कैलखुरा, आरोही नवानी, ऋत्विक रावत को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने छात्र छात्राओं को परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि परिश्रम को कोई विकल्प नहीं है। इसलिए प्रत्येक छात्र छात्रा मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने नशे से दूर रहने, यातायात के नियमों का पालन करने को कहा। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश एवं एसडीएम सोहन सिंह रांगड़ ने छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा विद्यालय संस्थापक महंत देवेंद्रदास महाराज द्वारा चमोली और पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बच्चों ने सरस्वती वंदना, श्रीराम स्तुति, वेलकम डांस, प्यारी मां, ओ माई फ्रेंड गणेशा, छोटी छोटी तमाशा, मोबाइल एडिक्शन डांस, मोटीवेशनल थीम डांस, पंजाबी रिमिक्स डांस, रूमा बिजुली गढ़वाली मेशप, चाइल्ड लेबर थीम डांस, महाभारत थीम, राजस्थानी मेशप, वीमेन इम्पावरमेंट, गुजराती डांस, नाटी डांस, गढ़वाली रिमिक्स, सेमी क्लासिकल, नंदा देवी डोली प्रदर्शन एवं गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के 300 से अधिक पूर्व विद्यार्थी सम्मिलित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य बुद्धिबल्लभ डोभाल ने कहा कि वर्ष 2001 में विद्यालय 117 विद्यार्थियों के साथ टीन सेट से शुरू हुआ।

### गुरु तेग बहादुर के संघर्ष को किया याद

श्रीनगर गढ़वाल। ऐंजल हेवन स्कूल में गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस बड़े ही श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्रों को गुरु तेग बहादुर के महान और प्रेरणादायी जीवन परिचय के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु तेग बहादुर की स्मृति में शब्द कीर्तन प्रस्तुत किये। छात्रों ने गुरु तेग बहादुर पर आधारित कविता और पंक्तियाँ बड़े उत्साह और भावनाओं के साथ पढ़ी। छात्र–छात्राओं ने अभियान चलाते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### नन्दादेवी राजजात मार्गों पर 20 हजार सोलर लाइट लगाने की मांग

चमोली। 2026 में आयोजित होने वाली हिमालयी सचल महाकुंभ नन्दादेवी राजजात के यात्रा मार्गों और पडावों में सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठी है। नन्दादेवी राजजात समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर यात्रा मार्ग, पडाव तथा आसपास के गांवों में कुल 20 हजार सोलर लाइट लगाने की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है। समिति के महामंत्री भुवन नौटियाल ने बताया कि नन्दादेवी राजजात विश्व की सबसे लंबी और कठिनतम धार्मिक यात्राओं में से एक है, जो गढ़वाल और कुमाऊंक्षेत्रों के दुर्गम मार्गों व ऊंचे हिमालयी पडावों से होकर गुजरती है। ऐसे में दूरस्थ स्थानों पर रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं, दलों और सेवा समितियों को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से यात्रा सम्पन्न कराने में मदद मिल सके। प्रधानमंत्री को भेजे गए मांग पत्र में कहा गया है कि यात्रा के दौरान पड़ने वाले सभी प्रमुख पड़ावों, मार्गों और उनसे जुड़े गांवों में सोलर लाइट लगने से स्थायी आधार पर भी स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा।

## शरदोत्सव में सांस्कृतिक धूम, गीतों पर झूमे दर्शक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः शरदोत्सव की तीसरी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या अनुराधा निराला, मीना राणा, लता तिवारी, विवेक नौटियाल और मनोज रावत अंजुल के गीतों के नाम रही। हास्य कलाकार संदीप छिलबट ने अपनी हास्य प्रसंगों से दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत मनोज रावत अंजुल और लता तिवारी के युगल स्वर बाबा कंडोलिया की स्तुति विपदा हैरी, रक्षा कैरी, हे कंडोलिया देवा तू से की। अनुराधा निराला मुल मुल कैकु हैसनी छै तू, युवा गायक विवेक नौटियाल ने नंदा स्तुति लगा ऊंचा कैलाश दयू, मीना राणा जुनियाली रात मा जन जून सजी चा, लता तिवारी ने छपेली विधा का तिलंगा तेरी लंबी लटी गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दियायुवा गायक विवेक नौटियाल ने यमुना घाटी रंवाई का सुप्रसिद्ध गीत ओटुवा बेलेणा पर युवा दर्शकों को खूब थिरकाया। मीना राणा और संजय कुमोला ने बलमा युगल गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी। मनोज रावत अंजुल और साथियों द्वारा गाए गीत ग्वीराल फूल फुली गेनी म्यारा भिना पर नृत्य की प्रस्तुति शानदार रही।

इसके अलावा कलाकारों ने देर रात तक कई गढ़वाली गीतों और नृत्यों की प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हास्य कलाकार संदीप छीलबट की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब हंसाया। कोरस में प्रीति, प्रीति रावत, अंकित नेगी, आशुतोष नैथानी, नृत्य पक्ष में दीपक बिष्ट, सुहानी नौटियाल, नीरज नेगी, आयुषी नेगी, सुधांशु नौटियाल, निकिता, गौरव, मोनिका वेदवाल और संदीप जबकि संगीत संयोजन में तपेश्वर प्रसाद, विनोद चौहान, रुक्मेश नौटियाल, अभिनव शैलानी, सुधांशु रतूड़ी और राकेश राज ने संगत दी। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल ने सांस्कृतिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृति हमारी पहचान है और मेले, उत्सव इनके संवाहक होते हैं। इसलिए आयोजन की सार्थकता इसके साहित्यिक सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर सबकी सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी, व्यापार सभा अध्यक्ष विनय शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय शर्मा, वीरेंद्र खंकरियाल आदि मौजूद रहे।

# सीओ ने किया थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पुलिस क्षेत्राधिकारी तुषार बोरा ने सतपुली थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की मदद करें। साथ ही अपराध पर लगाम के लिए आमजन का भी सहयोग लें। रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सतपुली थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय, भोजनालय व कर्मचारी बैरक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही पुलिस कर्मियों को साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि थाने में कहीं भी इधर-उधर कूड़े का ढेर न लगने दें। इसके



सतपुली थाने में हथियारों का निरीक्षण करते पुलिस क्षेत्राधिकारी तुषार बोरा

उपरांत उन्होंने थाने में रखे हथियारों के बारे में भी जानकारी जुटाई। साथ ही पुलिस कर्मियों को हथियारों के बारे में बेहतर जानकारी रखने के निर्देश दिए। कहा कि कोतवाली में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को समय पर न्याय मिलें इसका ध्यान रखें। उन्होंने कोतवाली में दशकों से रखे वाहनों का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। कहा कि नियमानुसार, वाहनों के निस्तारण की कार्रवाई की जानी चाहिए।

### बच्चे पर गुलदार के हमले से गुस्साए लोगों ने किया रेंजर का घेराव

नई टिहरी। तीर्थनगरी देवप्रयाग के समीप गोर्थी कांडा गांव में गुलदार ने एक बच्चे और महिला पर हमला किया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने यहां रेंजर मदन सिंह रावत का बीती रात दो घंटे तक जबरदस्त घेराव कर नारेबाजी की। ग्रामीण गुलदार को कैद करने के लिए गांव में पिंजरा लगाने की मांग पूरी होने के बाद ही रेंजर को छोड़ने पर अड़ गए। डीएफओ नरेंद्रनगर विगांत नायक की ओर से फोन पर गांव में पिंजरा लगाने का भरोसा दिए जाने के बाद ही ग्रामीणों ने रेंजर को छोड़ा। देवप्रयाग के गोर्थी कांडा गांव के ग्रामीण पिछले एक माह से गुलदार की दहशत में जीने को मजबूर हैं। गुलदार के भय से बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो रहा है। गुलदार द्वारा कई बकरियों को निवाला बनाए जाने से ग्रामीण पालतू पशुओं को घरों में ही बांधने को मजबूर हैं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेले का हुआ शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः** देवाल विकास खंड के लोहाजंग में आयोजित स्वगीय शेर सिंह दानू की स्मृति में पांच दिवसीय सांस्कृतिक आद्यौगिक पर्यटन विकास मेले का विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अगाज हो गया। लोहाजंग चबुतरे में स्थापित शेर सिंह दानू की मूर्ति पर फूलमाला चढ़ा कर उनको श्रद्वांजलि दी गई। मेले का उद्घाघाटन पूर्व विधायक डा, जीत राम ने दीप प्रज्जलित कर किया गया। उन्होंने कहा इस तरह के मेलों से भाईचारा प्रेम व सौहार्द बढ़ता हैं। साथ ही प्रतिभागियों को अपनी कला का जौहर दिखाने के लिए मंच मिलता हैं। इस मौके पर महिला व युवक मंगल दलों, विभिन्न स्कूलों के छात्रों, बधाणी कला मंच के कलाकारों ने रंगारंग गढ़वाल ,कुमाऊनी, गीता पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सब का मनमोह लिया। रेखा उनियाल ने भी अपने गीतों से समां बांधा। मेले में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ण काम करने वाले लोगों को स्मृति चिह्न भेट कर सम्मनित किया गया। नंदकेशरी के यशवंत बडियारी के परिवार को वैस्ट फैमली का पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष इन्द्र सिंह राणा, मेहरबान सिंह उपाध्यक्ष, भुवन सिंह कोषाध्यक्ष, बख्तावर सिंह, महिपाल सिंह, एडवोकेट प्रेम सिंह, रघुवीर सिंह, प्रकाश उनियाल सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों ने लगाया डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के बीएससी बायोटेक्नोलॉजी विभाग के छात्र ने मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। इधर बेस चिकित्सालय के एम एस डॉ राकेश रावत ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को भेजे ज्ञापन में छात्र श्रीकांत, गोविंद, नितिन, अमन, अंकित ने कहा कि बीते 28 अगस्त को गढ़वाल विवि के बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के छात्र आकाश बोहरा के हॉस्टल में खेलते समय पैर में लोहे का सरिया लग गया था। जिसके चलते वह बेस चिकित्सालय इंजेक्शन लगाने पहुंचे थे। एक सप्ताह बाद आकाश को पूरे शरीर पर रैशेज, भयंकर सूजन और असहनीय दर्द होना शुरू हुआ। डॉक्टरों ने तीन सप्ताह तक केवल दवाइयाँ देकर मामला टाल दिया। जब दिल्ली एम्स में जांच हुई तो पता चला कि गलत इंजेक्शन के कारण आकाश के बाएं कंधे में पोस्टीरियर लेब्रल सिस्ट बन गया है, जिससे हड्डियाँ पूरी तरह से कमजोर हो रही हैं और तत्काल 2 लाख रुपये की सर्जरी की जानी है। छात्रों ने गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही की तत्काल उच्च स्तरीय जांच किए जाने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, पूरा इलाज सर्जरी सहित पीड़ित छात्र को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया शिविर

पिथौरागढ़।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व स्वास्थ्य विभाग के ओर से महिला निराश्रित केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मंजू देवी व चिकित्सा अधिकारी डॉ.मृगांक शुक्ला ने छह संवासिनियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की, साथ ही एक संवासिनी को जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भेजा गया। शिविर में फार्मासिस्ट गोपाल बिष्ट, साइकाइट्रिक सोशल वर्कर जीवन चन्द्र तिवारी, कम्युनिटी नर्स चंद चौहान मौजूद रहे ।

### नेपाल सीमा पर चेकिंग अभियान चलाया

पिथौरागढ़। धारचूला पुलिस, एएचटीयू व एसएसबी की संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा लगे क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। जवानों ने लोगों को सीमा सुरक्षा से संबंधित प्रमुख बिंदुओं व मानव तस्करी की संभावित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने सीमा से लगे संदिग्ध इलाकों में चेकिंग अभियान भी चलाया। बाद में पुलिस ने लोगों से क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देने पर उसकी सूचना पुलिस को देने को कहा। टीम में थानाध्यक्ष धारचूला हरेंद्र सिंह नेगी, एएचटीयू से प्रभारी निरीक्षक सतीश शर्मा, प्रेम बल्लभ छिमवाल, महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### भट्टीगांव में भालू की दहशत से लोग परेशान

पिथौरागढ़। नगर के भट्टीगांव के ग्रामीण इन दिनों भालू के आंतक से परेशान हैं। रविवार को सामाजिक सरोकारों से जुडे उमेश पाठक ने बताया कि भालू बीते चार दिनों से सुबह व शाम के समय गांव में चहलकदमी कर रहा है। बताया कि बीते दिनों ग्रामीणों को प्राथमिक विद्यालय के समीप भालू अपने बच्चों के साथ जाते हुए दिखा, ग्रामीणों के हल्ला करने पर वे बच्चों के साथ झाड़ियों में छुप गया। भालू के दहशत से बच्चें विद्यालय जाने व महिलाएं जंगल जाने में डर रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त कर भालू को पकड़ने की मांग की है।

### वैष्णवी शक्तिपीठ में मां हंसेश्वरी का प्रथम निर्माण दिवस मनाया

रुद्रपुर। वैष्णो देवी मंदिर वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम स्वर्ण फार्म वाली देवी आदर्श कॉलोनी में ब्रह्मलीन श्रीमद् वैष्णवी शक्तिपीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी का प्रथम निर्माण दिवस आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया।सुबह दस बजे वैष्णो भजन मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसका संचालन हरिधाम मंदिर के महंत मनीष सलूजा ने किया। इसके बाद सितारगंज दुर्गा ज्योतिपीठ की शांतेश्वरी माता, मनकोमेश्वर मंदिर के स्वामी नारायण चैतन्य महाराज, तुलसीधाम मलसा के राजेंद्र, अनंत प्रेम आश्रम की निष्ठानंद बाई–कंचन बाई और भजनगढ़ गुरुद्वारा के महंत विक्रम बाबा ने भक्तों को प्रवचन दिए। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। रुद्रपुर के साथ ही दिल्ली, हरियाणा और यूपी से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महंत भजन प्रकाश अरोरा, श्याम खुराना, सतनाम सिंह, नरेश घई, राजेश आनंद, राजीव ग्रोवर, विधायक तिलकराज बेहड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### केहरी गांव में छात्रों में मारपीट, केस दर्ज

देहरादून। केहरी गांव में दो छात्रों को घेरकर मारपीट का मामला सामने आया है। हमले में दो छात्र घायल हुए हैं। एसओ प्रेमनगर कुंदन राम ने बताया कि रोहतक निवासी भावेश रेडू ने तहरीर दी। बताया कि वह प्रेमनगर के एक निजी संस्थान में पढ़ाई करता है। बीते 20 नवंबर को अपने साथी आदित्य राणा के केहरी गांव से पौंधा की तरफ जा रहा था। तभी बिहार नंबर की थार में सवार छात्र शांतनु शर्मा, अंकित भारद्वाज, आयुष पांडे, विनीत और कुछ अन्य आरोपी आए। जिन्होंने भावेश और आदित्य पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। हमले में आदित्य के सिर और भावेश के हाथ में चोट लगी।

### शूटिंग करने वाले की एयरगन लेकर आरोपी फरार

देहरादून। दून की एक शूटिंग रेंज में प्रशिक्षण लेने वाले युवक की एयरगन लेकर परिचित फरार हो गया। फरार हुआ आरोपी पहले साथ में शूटिंग करता था। मामले में शिकायत पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ प्रेमनगर कुंदन राम ने बताया कि अजय कुमार निवासी जग्गी कॉलोनी, अंबाला हाल पता ग्रीन होम्स बिद्धौली ने तहरीर दी। बताया कि वह बिद्धौली स्थित जसपाल राणा शूटिंग एकेडमी में प्रेक्टिस करता है। शूटिंग प्रेक्टिस के दौरान सागर नाम के युवक से दोस्ती हुई। सागर ने अजय के साथ करीब दो साल तक प्रेक्टिस की। इसके बाद अपने घर चल गया। कुछ दिन पहले वह अजय के कमरे में आया। अजय से कुछ समय के लिए उसकी एयरगन मांगकर ले गया। इसके बाद आरोपी ने एयरगन वापस नहीं की।

### आईटीआई में एससीवीटी कोर्स के लिए प्रवेश शुरू

हल्द्वानी। राज्य के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में एनसीवीटी पाठ्यक्रमों के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रवेश प्रक्रिया अगले 15 दिनों तक चलेगी। अफसरों ने बताया की राज्य के कुल 23 सरकारी आईटीआई में एससीवीटी के तहत 12 से अधिक ट्रेडों में एक हजार से ज्यादा सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इनमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, ड्राफ्ट्समैन, प्लंबर जैसे ट्रेड शामिल हैं। निदेशक संजय कुमार ने बताया कि प्रवेश की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी उत्तराखंड व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### वर्ष 2026 के कार्यक्रम कैलेंडर पर हुई चर्चा

हल्द्वानी। साथी संगठन ने रविवार को मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर में समीक्षा बैठक की। बैठक में संगठन के संरक्षक लीलाधर पांडे ने विभिन्न बैंक्वेट हॉलों में जल संरक्षण संबंधी स्लोगन और पम्पलेट लगाने का सुझाव दिया। वरिष्ठ संरक्षक नंदा बल्लभ गुणवंत ने आगामी दो प्रमुख त्योहार मकर संक्रांति और 26 जनवरी के लिए कार्यक्रम बनाने पर विचार प्रस्तुत किया।

# नील–हरित शैवाल एवं जड़ी बूटी को लेकर आयोजित की गई समीक्षा बैठक

देहाड़ूँ। जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्थान मण्डल गोपेश्वर में रविवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में नील–हरित शेवाल एवं जड़ी बूटी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें भारतीय कृर्षि अनुसंधान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ0 ओ0एम0 तिवारी एवं जड़ी बूटी संस्थान के वैज्ञानिक ए0के भण्डारी ने विस्तार से जानकारियां दी। निदेशक जड़ी बूटी शोध संस्थान मण्डल/मुख्य विकास अधिकारी डा0 अभिषेक त्रिपाठी ने वैज्ञानिक ओ0एम0 तिवारी को पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर कार्यक्रम की शुरूआत की तत्पश्चात जड़ी बूटी पौधालयों का निरीक्षण किया। डा0 अभिषेक तिवारी ने बताया कि मनरेगा के तहत विभिन्न औषधीय



पौंधों की कृर्षि हेतु किसानों को 03 नाली भूमि हेतु मुफ्त पौध उपलब्ध करवायी जा रहीं है जिसमें किसान औषधीय पौंधों की 26 प्रजातियों जैसे कुटकी, अतीस, कूठ आदि की खेती कर सकेतें हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 26 हजार से अधिक किसान जड़ी बूटी की खेती हेतु संस्थान के माध्यम से पंजीकृत हैं जो कि इसका लाभ ले रहे हैं। एवं उन्होंने नील–हरित शैवाल की खेती के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि नील हरित शैवाल स्पीरूलीना की खेती करना एक अच्छा प्रयास है इससे आमजन तक इसका लाभ पहुँचेगा साथ ही किसानों की आय में वृद्वि होगी। वैज्ञानिक ओ0एम0 तिवारी ने नील–हरित शैवाल की कृषि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नील हरित शैवाल स्पिरुलिना एक मात्र शैवाल है जिसको मानव आहार के रूप में प्रयोग कर सकता है इस शैवाल की विश्व में कुल 09 प्रजातियां पायी जाती हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह अवधारणा थी कि स्पिरुलीना शैवाल केवल समुद्र में पाया जाता है लेकिन लोकटक झील मणिपुर का शोध करने पर पता चला कि यह शैवाल ताजे पानी में भी पायी जाती है जिस कारण इसकी खेती करने की संभावनाएं उत्पन्न हुयी हैं। उन्होंने बताया कि नील–हरित शैवाल की कृषि से किसानों की आय भी होगी। स्पिरुलीना शैवाल को विश्व स्वास्थ्य संस्थान ने वर्ष 1971 में सुपर फूड का दर्जा भी प्राप्त है एवं इसकी एक कैप्सूल में 2 लीटर दूध से अधिक ऊर्जा मिलती है। वैज्ञानिक ए0के0 भण्डारी ने बताया कि जड़ी बूटी शोध संस्थान मण्डल गोपेश्वर की स्थापना वर्ष 1989 में हुयी थी जिसका उद्देश्य हिमालय क्षेत्र की सभी जड़ी बूटियों का नाप भूमि में खेती करना था ताकि कि वन भूमि में हो रही जड़ी बूटियों का विदोहन रोका जा सके उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2002 में जड़ी बूटियों की खेती करना प्रारम्भ किया गया एवं पूरे प्रदेश में 26 हजार से अधिक किसान जड़ी बूटी की खेती कर इसका लाभ ले रहे हैं।

## धराली आपदा पर नाटिका के मंचन पर दर्शक हुए भाव–विभोर

नई टिहरी। न्यू टिहरी इंटरनेशनल स्कूल (एनटीआईएस) और दून किंडरगार्टन (डीकेजी) पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं की रंगारंग सांस्कृतिक की धूम रही। कार्यक्रम में धराली प्राकृतिक आपदा पर नाटिका के मंचन से दर्शक भाव–विभोर हुए। उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों के आंखों में आंसू आ गए। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया।

रविवार को बौराड़ी स्टेडियम में एनटीआईएस और डीकेजी स्कूल के वार्षिकोत्सव का नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत,भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत,पूर्व प्रमुख सुनीता देवी,निदेशक शालिनी जौली ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि शहर के पलायन को रोकने में इस स्कूल का बड़ा योगदान है। कहा कि शहर को स्वच्छ और पर्यटन नगर बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की जरूरत है। भाजपा जिलाध्यक्ष रावत ने कहा कि स्कूल गुणवत्तापरक और तकनीकी शिक्षा देकर छात्रों को समृद्ध कर रहा है। स्कूल के शालिनी जॉली,प्रबंधक सुयश धनराज,प्रधानाचार्य प्रवीन भट्ट ने स्कूल की प्रगति और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कहा कि बोर्ड परीक्षा सहित सभी कार्यक्रमों में स्कूल लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। नर्सरी और एलकेजी के छात्र–छात्राओं ने बॉलीवुड सांग, नन्हे–मुन्ने बच्चों,वन्स एगेन जैसे प्रस्तुतियां पर वाहवाही लूटी। वहीं धराली आपदा नाटिका,आपदा से निपटने की तैयारी,लचीलेपन,पानी बचाओ,नदी संरक्षण के बारे में जागरूकता कार्यक्रम,पारंपरिक गढ़वाली,जौनसारी नृत्य पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई।

## शिक्षिका चौहान मिला आखर विज्ञान शिक्षक सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल। आखर ट्रस्ट ने रविवार को शिक्षा एवं समाज को समर्पित विज्ञान–गणित शिक्षक स्व. शिवदर्शन सिंह नेगी की जयन्ती के उपलक्ष्य पर सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में राजकीय इंटर कालेज जखण्ड की शिक्षिका गीता चौहान को शिवदर्शन सिंह नेगी स्मृति आखर विज्ञान शिक्षक सम्मान से नवाजा गया।

सम्मान स्वरूप सम्मानित शिक्षिका को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र, विशेष आखर स्मृति चिह्न एवं पाँच हजार एक सौ रुपए की धनराशि भेंट की गई। साथ ही बंगलौर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र निर्मल पंवार को भी सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग के सहायक आचार्य डा. आलोक सागर गौतम ने आखर ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्व. नेगी ने समाज एवं शैक्षिक जगत में अपना विशेष योगदान दिया है, उनको याद किया जाना आवश्यक है। डॉ गौतम ने वायुमंडलीय एवं पर्यावरणीय भौतिकी,उत्तराखण्ड में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस आधारित मौसम पर भी अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के शिक्षा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सम्पूर्ण सिंह रावत ने कहा कि आज के समय में स्व. शिव दर्शन सिंह नेगी जैसे व्यक्तित्व और शिक्षक से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

### आपदा प्रभावित गांव मंदारा में नहीं हुए सुरक्षा के कार्य

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक की बासर पट्टी के मांदरा गांव के ग्रामीण भय में जीने को मजबूर बने हुए हैं। लगातार दो वर्षों से गांव में भूस्खलन और आपदा का खतरा बना हुआ है। लेकिन शासन–प्रशासन पुनर्निर्माण और सुरक्षात्मक कार्य कराने को तैयार नहीं है। जिससे भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है। मांदरा गांव की प्रधान सुचिता देवी,पूर्व प्रधान मोहन लाल भट्ट ने बताया कि गांव में लगातार दो साल से भूस्खलन हो रहा है। लेकिन प्रशासन की ओर से सिर्फ मरम्मत और सुरक्षात्मक कार्य के नाम पर औपचारिकता की जा रही हैं। आपदा के बाद टीम गांव में तो भेज दी जाती है, लेकिन न तो कोई ठोस कार्रवाई होती है और न ही समस्या का स्थाई समाधान होता है। बताया कि पिछले वर्ष गांव के ठीक ऊपर भारी भूस्खलन हुआ था। भूगर्भीय सर्वेक्षण के बाद ग्रामीण निर्माण विभाग ने 8.67 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार कर भेजा था, लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी कोई स्वीकृति नही मिली। वहीं इस वर्ष भी गांव के बीचो बीच आपदा ने भारी नुकसान पहुंचाया है।

## टिहरी में भारत लोक शिक्षा परिषद की बैठक, सेवानिवृत सैनिकों को किया सम्मानित

नई टिहरी। अंचल टिहरी के समिति एवं कार्यकर्ताओं की बैठक शिशु मंदिर बोराड़ी में ओम के उच्चारण व हनुमान चालीसा के साथ प्रारम्भ हुई। जिसमें भारत लोक शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल एवं भारत लोक शिक्षा परिषद महिला विभाग की राष्ट्रीय उप प्रधान माधुरी अग्रवाल ने संगठन का संपूर्ण विषय रखा। समिति विस्तार पर प्रकाश डाला। महिला समिति एवं एकल ग्रामोत्थान के कार्य एवं समिति सक्रियता की चर्चा भी हुई। सेना से सेवानिवृत सैनिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अंचल जागरण शिक्षा के प्रभारी संदीप, टिहरी विभाग के विभाग प्रचारक अजय, दुर्गा मंदिर के पूजारी राजेंद्र चमोली, नगर पालिका के अध्यक्ष मोहन रावत



,महिला समिति सदस्य रजनी, सुषमा बहुगुणा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिवराज सजवान, झुमरू गढ़वाल राइफल सूबेदार कुशीराम चमोली,कमांडो रॉकी गोसाई ,नायक केरानंद भट्ट, हवलदार सतेश्वर प्रसाद, हवलदार रमेश चंद्र अमोला, गोविंद प्रसाद, दिलवीर चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं की दृष्टि से संभाग गतिविधि प्रमुख ममता कोरंगा, महिला प्रमुख फाल्गुनी सरकार, प्रशिक्षण प्रमुख भावना उपाध्याय, गढ़वाल भाग के भाग प्रशिक्षण प्रमुख शिवम कापड़ी, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख आरती आदि ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## अफीम और पोस्त की खेती को लेकर संयुक्त रूप से करें चेकिंगः एडीएम

नई टिहरी। एडीएम अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एनडीपीएस के तहत एनसीओआरडी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीएम ने विभिन्न विभागों से नशीली दवाओं और मन प्रभावी पदार्थों से जुड़े अपराधों को रोकने के लिए की गई मासिक कार्यवाहियों की जानकारी ली। जिला सभागार में आयोजित बैठक में एडीएम विभिन्न विभागों से उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को स्कूलों में प्रार्थना के दौरान बच्चों को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक करने, ड्रग टेस्टिंग करने, शिकायत पेटिका को सक्रिय करने, अफीम, खस–खस, पोस्त की खेती को लेकर संयुक्त रूप से चैकिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही अगली बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों को भी उपस्थित रहने को कहा। औषधि निरीक्षक, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ऋषभ धमा ने बताया कि, माह नवम्बर में जिले में अब तक 18 मेडिकल स्टोर में औचक निरीक्षण कर 6 सैंपल लेते हुए 5 नोटिस जारी किए गए तथा 2 दुकानों के क्रय–विक्रय पर रोक लगाई गई। पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि, जनवरी से अक्टूबर तक एएनटीएफ टीम द्वारा 553 जागरूकता गोष्ठियां आयोजित की गई, जिसमें 20 हजार से ज्यादा छात्र–छात्राएं, 28 हजार से ज्यादा स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनटीसीपी के तहत 354 चालान कर 10 हजार 670 की धनराशि जमा की गई। साथ ही 278 की काउंसलिंग, 23 की थेरेपी तथा 4 ग्रुप डिस्कशन किए गए। समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकुनी ने बताया कि, नशामुक्ति केंद्र का प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजा गया है। बताया कि, नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर बीते 18 नवम्बर को टीएचडीसी इंजीनियरिंग कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को नशे से दूर रहने तथा नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। रॉड्स संस्था प्रतिनिधि रंजीता थपलियाल ने बताया कि, संस्था द्वारा दो शादियां नशामुक्त की गई तथा राइंका ढुंगीधार एवं राउमावि बादशाहीथौल में जागरुकता के लिए 200 विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

### बाइक सवारों ने डंपर रोककर चालक से की मारपीट

रुद्रपुर। बाइक सवार चार युवकों ने डंपर रोककर चालक से मारपीट कर दी और पत्थर मारकर वाहन के सभी शीशे तोड़ दिए। घटना शांतिपुरी से आनंदपुर रोड पर हुई। हाइवा 10 टायरा के चालक शावेद पुत्र नवी अहमद निवासी ग्राम शहदौरा पुलभट्टा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 नवंबर की शाम वह शांतिपुरी से शुभम स्टोन क्रशर आनंदपुर जा रहा था। आनंदपुर गेट से करीब 300 मीटर अंदर दो बाइक पर सवार चार युवक आए और बेवजह अपनी बाइक आगे लगाकर उसका वाहन रोक लिया। बताया कि एक आरोपी का नाम करण पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम राघवनगर किच्छा है।

## प्रह्लाद पल्सिया में धरना 12वें दिन भी जारी रहा

रुद्रपुर। प्रह्लाद पल्सिया में रह रहे पांच परिवारों को हटाने से पहले पुनर्वास की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना रविवार को 12वें दिन भी जारी रहा।

रविवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) के पूर्व अध्यक्ष किरण मंडल धरनास्थल पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन देते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। प्रह्लाद पल्सिया स्थित करीब 41 एकड़ राजस्व भूमि को एक्वा पार्क के लिए हस्तांतरित किया गया है। प्रशासन ने इस भूमि का अधिग्रहण कर इसे मत्स्य विभाग को सौंप दिया है, जहां एक्वा पार्क निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यहां रह रहे पांच परिवारों को हटाने के लिए 12 दिन पहले प्रशासन व पुलिस बल मौके पर पहुंचा था,



लेकिन प्रभावित परिवारों और जनप्रतिनिधियों के विरोध के कारण कार्रवाई रोकनी पड़ी और जेसीबी वापस ले जानी पड़ी। परिवारों का कहना है कि उन्हें हटाने से पहले पट्टे देकर किसी अन्य स्थान पर बसाया जाए। इसी मांग को लेकर प्रभावित परिवार और जनप्रतिनिधि लगातार धरने पर बैठे हैं। धरने के 12वें दिन केएमवीएन के पूर्व अध्यक्ष किरण मंडल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दिया था और वह प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष को एकजुट होकर ही सफल बनाया जा सकता है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

रुद्रपुर। प्रदेशभर में उपनल कर्मचारियों की मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता भी अब सड़कों पर उतर आए हैं। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर महानगर अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार उपनल कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिटलरशाही जैसी स्थिति बनी हुई है। भाजपा सरकार गुंडागर्दी पर उतर आई है और उपनल कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि अब भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू



हो गई है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में वह प्रदेश की सत्ता से बेदखल हो जाएगी। पुतला फूंकने वालों में पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, राम स्वरूप भारती, अनिल शर्मा, उमा सरकार, मोहन भारद्वाज, नरेश सागर, अनुज दीक्षित, देवेंद्र कुमार, सतीश कुमार, राधेश्याम, मुरारी लाल, अर्जुन विश्वास, केवल भारती, अशोक मंडल, गुड्डू, उमर खान आदि शामिल रहे।

### संदिग्ध व्यक्ति तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 32 बोर के देसी तमंचे और 10 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शनिवार देर रात करीब एक बजे उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ रुद्रपुर रोड स्थित इंट्रार्क फैक्ट्री के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से 32 बोर का देसी तमंचा और 10 कारतूस मिले। आरोपी ने अपना नाम राजकुमार पुत्र हंसराज निवासी गीतांजलि विहार कॉलोनी किच्छा बताया।

## ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े छह लाख की ठगी

रुद्रपुर। रुद्रपुर के एक युवक से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े छह लाख रुपये की ठगी हो गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, गौतम साहनी पुत्र सुरेश कुमार साहनी निवासी खुशी एन्क्लेव भूरारानी रोड ने बताया कि दो माह पहले उन्हें फेसबुक पर एक लिंक मिला। लिंक खोलते ही वह एक कथित व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए, जिसमें लगभग 90 लोग शामिल थे। ग्रुप में रोजाना शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट साझा किए जाते थे। खुद को आईआईएफसीएस कंपनी का कर्मचारी बताकर ठगों ने उन्हें प्री–आईपीओ और ब्लॉक ट्रेड में अधिक मुनाफे का लालच दिया। शुरुआत में शेयर रेट वास्तविक कंपनियों से मेल खाते दिखे, जिससे उन्हें विश्वास हो गया। इसके बाद ठगों ने अलग–अलग बैंक खातों में रकम भेजने को कहा। गौतम ने बताया कि 14 से 30 अक्तूबर के बीच उन्होंने अपने और पत्नी के खातों से कुल 6,47,600 रुपये ट्रांसफर कर दिए। हर निवेश के बाद पोर्टल पर नकली मुनाफा दिखाया जाता था और ज्यादा लाभ का झांसा देकर बड़े निवेश का दबाव बनाया जाता था।

## एडीएम शैलेन्द्र सिंह नेगी ने किया बांध के कार्यों का निरीक्षण



हल्द्वानी। अपर जिला अधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने रविवार को जमरानी बांध परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से टनल निर्माण कार्यों की जानकारी ली। निर्देश दिए कि टनल में किए जा रहे कार्यों के दौरान मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और कार्यों को समय से पूरा किया जाए। परियोजना प्रबंधक दीपक पुरोहित ने उन्हें बताया कि परियोजना के तहत दो टनलों का निर्माण किया जाना है। पहली टनल की लंबाई 643 मीटर है। जिसमें से एक तरफ से 389 मीटर का निर्माण कर दिया गया है। वहीं टनल में दूसरी तरफ से 414 मीटर में निर्माण कर दिया गया है। इसी प्रकार दूसरी टनल की लंबाई 600 मीटर है।

जिसमें से 440 मीटर का एक तरफ से कार्य पूरा कर लिया है। दोनों टनलों का निर्माण कार्य 31 जनवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

## एकता पदयात्रा निकालकर लौह पुरुष पटेल को याद किया

रुद्रपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों ने एकता पदयात्रा निकाली। कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि सरदार पटेल ने पांच सौ से अधिक रियासतों का विलय कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में संगठित किया। सही अर्थों में वह भारत रत्न थे।

रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने आवास विकास स्थित सरदार पटेल पार्क में एकत्र होकर पदयात्रा की शुरुआत की। तिरंगे हाथों में लिए पदयात्रा सरदार पटेल की प्रतिमा से प्रारंभ होकर आवास विकास, सुनहरी मस्जिद, बरेली रोड, डीडी चौक, मुख्य बाजार, महाराणा



प्रताप चौक, रेलवे स्टेशन रोड, बंडिया होते हुए चीनी मिल मैदान में जाकर समाप्त हुई। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदेमातरम के नारे लगाए। नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष सचिन शुक्ला, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, भाजपा पंतनगर मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, संजीव खन्ना, संदीप अरोरा, राजेश तिवारी, मुकेश कोली, कविता मान, गफ्फार खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com